बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 25 जून 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 148 | मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा

SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
Vivekanand Colony, Haddtoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

7 Years
SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07

सोना, चांदी, हीरे एवं संपूर्ण हॉलमार्क ज्वेलरी के विक्रेता
नुपुर डायमंड ज्वेलरी
विश्वास, सौंदर्य और श्रेष्ठता से अलंकृत
नुपुर ज्वेलर्स
स्टेट बैंक के पास मेन रोड, बालाघाट
फोन - 07632-240753
मो. 9977229027

## टीचर से एरियर्स निकालने बालाघाट में चार हजार की रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** बालाघाट जिले के वारासिवनी तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायदी के लेखापाल वोमेंद्र कुमार रोकड़े उम्र 49 वर्ष को सहायक शिक्षक नरेंद्र कुमार डोहरे से एरियर्स की राशि निकालने के एवज में जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने 04 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षक नरेंद्र डोहरे का जुलाई 2017 से दिसंबर 2023 तक का वेतन विसंगति एरियर्स 94,085 रुपए बना था, इसमें से 66,557 रुपए की राशि उन्हें पहले ही मिल चुकी थी। शेष 27,528 रुपए के एरियर्स को निकालने के लिए आरोपी बाबू वोमेंद्र रोकड़े ने 4 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी और परेशान कर रहा था। शिकायत की पुष्टि होने के बाद जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने 24 जून को कायदी स्कूल के शिक्षक कक्ष में सहायक शिक्षक से 4 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए बाबू वोमेंद्र रोकड़े को रंगेहाथ पकड़ा। जबलपुर लोकायुक्त निरीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7, 13 (1) ठ, और 13(2) के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त निरीक्षक राहुल गजभिए, टीएलओ निरीक्षक जितेंद्र यादव सहित जबलपुर लोकायुक्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# एअर इंडिया का विमान हुआ पाकिस्तानी वायुक्षेत्र में दाखिल..

## एटीसी, चालक दल पर कार्रवाई..




**नई दिल्ली, (भाषा)।** *एअर इंडिया का एक विमान सोमवार रात राष्ट्रीय राजधानी से उड़ान भरने के बाद अमृतसर हवाई अड्डे पर 'गो-अराउंड' (उतरने से पहले आसमान में चक्कर लगाने का निर्देश) की प्रक्रिया के दौरान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हो गया। अधिकारियों* ने यह जानकारी दी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को कहा कि अमृतसर में वायु यातायात नियंत्रक और विमानन कंपनी के उक्त विमान को संचालित कर रहे चालक दल के सदस्यों के खिलाफ अंतरिम कार्रवाई की गई है, क्योंकि उन्होंने घटना की जानकारी नहीं दी। एअर इंडिया ने बुधवार को एक बयान में कहा कि घटना की जानकारी डीजीसीए को दे दी गई है और इसकी आंतरिक जांच की जा रही है। डीजीसीए ने एक बयान में कहा कि 'रडार वेक्टरिंग' के आधार पर 'गो-अराउंड' की प्रक्रिया शुरू करने के बाद विमान कुछ देर के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में चला गया था। 'रडार वेक्टरिंग' वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) की एक प्रक्रिया है, जिसमें नियंत्रक यात्रा के संबंध में परामर्श देने के लिए रडार निगरानी का इस्तेमाल करते हैं। बयान में कहा गया है, ''इस घटना के बाद पाकिस्तान के एटीसी अधिकारियों के साथ समन्वय किया गया। आखिरकार विमान का रास्ता बदलकर उसे दिल्ली भेजा गया और वह सुरक्षित रूप से राष्ट्रीय राजधानी में उतरा।'' पाकिस्तान ने अप्रैल 2025 से भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है। एअर इंडिया के मुताबिक, 22 जून को दिल्ली से अमृतसर जाने वाली उड़ान एआई 479 के चालक दल ने अमृतसर हवाई अड्डे पर 'गो-अराउंड' करते समय पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया था। एक सूत्र ने बताया कि यह घटना सोमवार को रात आठ बजे के कुछ देर बाद हुई, जब अमृतसर हवाई अड्डे के ऊपर विमान को चक्कर लगाना पड़ा। डीजीसीए ने बयान में कहा कि एअर इंडिया के विमान वीटी-पीपीवी को उतरने की अनुमति देने से पहले पक्षी के टकराने की घटना के बाद रनवे के निरीक्षण के कारण 'होल्ड' करने (इंतजार करने) के लिए कहा गया था। डीजीसीए ने एटीसी और चालक दल सदस्यों के खिलाफकी गई कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी लौटने के लगभग एक घंटे बाद विमान ने फिर से अमृतसर के लिए उड़ान भरी और रात 10 बजे के बाद वहां उतरा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल मंचों के दुरुपयोग पर चिंता जताई..

**नई दिल्ली, (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल मंचों के जरिए लोगों से धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर बुधवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसे मामलों में सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वित, संवेदनशील और समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करनी चाहिए।

मोदी ने ये टिप्पणियां साइबर अपराध और 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए होने वाली धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा के दौरान कीं।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, उन्होंने चार राज्यों में सड़क, बिजली, औद्योगिक गलियारे और मेट्रो रेल क्षेत्रों से जुड़ी करीब 30,000 करोड़ रुपये की लागत वाली चार महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

प्रधानमंत्री ने यह समीक्षा 'प्रगति' की 52वीं बैठक में की। प्रगति एक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित बहु-आयामी मंच है, जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों को एक साथ जोड़कर सक्रिय शासन व योजनाओं को समय पर लागू करना है।

# कतर : फैक्टरी में हुए धमाके में मारे गए 13 लोगों में 12 भारतीय शामिल



**दुबई, (भाषा)।** कतर के रास लाफान औद्योगिक शहर में एक फैक्टरी में हुए धमाके में मारे गए 13 लोगों में 12 भारतीय शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कतर के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि रविवार रात रास लाफान में हुए हादसे में 12 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई।

पोस्ट में कतर के अधिकारियों के हवासे कहा गया है कि धमाके में घायल लोगों का उचित इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर है। इसमें कहा गया है, दूतावास इस घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को हर संभव मदद मुहैया कराने के लिए कतर के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि मृतकों के शव जल्द से जल्द भारत भेजे जाएं। इससे पहले, कतर के ऊर्जा मंत्री साद बिन शेरिदा अल-काबी ने संवाददाताओं से कहा था कि धमाके में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के 13 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कतर के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रास लाफान औद्योगिक शहर में रविवार शाम बरजान स्थानीय गैस आपूर्ति संयंत्र में परिचालन के दौरान आई ÷तकनीकी गड़बड़ी÷ के कारण हुए धमाके और उसके बाद लगी आग में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 66 अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा अधिकारियों ने रास लाफान में आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों के साथ मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। उसने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मौके पर राहत एवं बचाव अभियान पूरा कर लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारी घटना के सटीक तकनीकी कारणों का पता लगाने और उससे जुड़ी सभी परिस्थितियों का ब्यौरा जुटाने के लिए जांच में जुट गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना के कारण कोई रिसाव नहीं हुआ और इससे आसपास के लोगों की सुरक्षा या पर्यावरण को कोई खतरा नहीं है। इससे पहले, कतरएनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अल-काबी ने बताया था कि रविवार शाम रास लाफान औद्योगिक शहर में बरजान स्थानीय गैस आपूर्ति संयंत्र में हुए धमाके और उसके बाद लगी आग में 66 लोग घायल हो गए।

## निर्माणाधीन गोदाम की छत ढहने से 5 मजदूरों की मौत..

**कोलकाता, (भाषा)।** कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार को निर्माणाधीन तीन मंजिला एक गोदाम ढह जाने से पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 अन्य लोगों को मलबे से सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता नगर निगम क्षेत्र में पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत सभी निर्माण परियोजनाओं पर 31 जुलाई तक रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के नौ घंटे से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी लगभग 15 मजदूर दुर्घटनास्थल पर कंक्रीट और स्टील के भारी मलबे के नीचे दबे हुए हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। हालांकि, राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि ढह चुका यह गोदाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के तहत आने वाली एक निजी पट्टे की संपत्ति है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान निर्माण स्थल के सुपरवाइजर सैयद मोहम्मद गुलजार और मजदूर उपलब्ध कराने वाले दो लोगों मोहम्मद अताउल और सुभाष चौधरी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इन लोगों को एक मृत मजदूर के परिवार की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ÷अब तक तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच आगे बढ़ने के साथ ही और लोगों की गिरफ्तारी होने की संभावना है। इस बीच, गोदाम के मालिकों के खिलाफएक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## आवश्यकता है..

**बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क - मो. 9301210805, 7000671780**

## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है।
**संपर्क करें.. 9425639000, 9300039839**

## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

***दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433***

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मूळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पित का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
● अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
● शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
● रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन | फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण | सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

ARIHANT INSTITUTE OF COMPUTERS AND INFORMATION TECHNOLOGY
Near Digamber Jain Mandir, Main Road, Balahat
Ph : 9425875737, 9425892823 Email ID - arihantg@hotmail.com
REQUIREMENT

| S. No. | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Manager | MBA/M.Com. BE/MSC. |
| 2 | Lecturer (Computer) | MCA/BE (CS/IT)/MSC (CS) |
| 3 | Instructor | BCA/B.Sc (IT) PGDCA/ DCA |
| 4 | Office Assistant | Any Gradute |

Note - Higher Start may be given to Experienced Fellows. Application With Complete Biodata, copies of Certificate and Testimonials should reach office on or before 01/07/2026

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग | फार्मेसी
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन.सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time | AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL | BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# कमिश्नर धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की संभागीय समीक्षा बैठक

## विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जबलपुर संभाग के कमिश्नर श्री धनंजय सिंह ने 24 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।***

समीक्षा के दौरान कमिश्नर श्री सिंह ने किसानों को ई-टोकन व्यवस्था के माध्यम से उर्वरकों के वितरण, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण, विद्यालयों में विद्यार्थियों के पंजीयन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी पात्र विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग से संबंधित समीक्षा के दौरान किसानों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरकों का सुचारु एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बालाघाट जिले से कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कमिश्नर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा।

# मॉयल लिमिटेड ने 64 वर्षों में सफलता के नए आयाम स्थापित किये.. - उम्मेद भाटी

## 6 मॉयल अन्तर खान सांस्कृतिक स्पर्धा सम्पन्न..




जगप्रेरणा बालाघाट।

भारत सरकार के उपक्रम मॉयल लिमिटेड जिसके बालाघाट जिले के भरवेली ,उकवा ,तिरोड़ी, सीतापठोर सहित अन्य स्थानों पर मैंगनीज की खदान हैं. 22 जून को कम्पनी ने अपनी स्थापना के 64 वां स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर भरवेली खदान के जवाहर सभा गृह में अंतर खदान सांस्कृतिक स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमे समूह -1 में आने वाली खदान भरवेल, उकवा, तिरोड़ी के कलाकारों ने भाग लिया।

इस स्पर्धा में रिकार्डिंग डांस 12 से 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम बालाघाट खान, 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम तिरोड़ी खदान, दिव्तीय बालाघाट खदान, लोकनृत्य में 12 से 17 आयु वर्ग में प्रथम उकवा खदान, दिव्तीय बालाघाट खदान, 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम बालाघाट खदान, दिव्तीय उकवा खदान, तृतीय तिरोड़ी खदान रही।

प्रथम, दिव्तीय, तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 5000/-3000/-2000/- रुपयों की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले जिले के वरिष्ठ रंगमंच कलाकार अशोक मिश्रा, दीपक भट्ट, मनीष परिहार को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### बोले उम्मेद भाटी..

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अभिकर्ता एवं महाप्रबंधक उम्मेद सिंह भाटी ने कहा कि मायल ने अपनी स्थापना के 64 वर्षो में सफ्लता के नए आयाम स्थापित किये है, जिसका श्रेय कामगार, कर्मचारी, अधिकारी के टीम वर्क और कुशल नेतृत्व को जाता है। आगे भी सफलता का यही क्रम जारी रहेगा। खान प्रबंधक विवेक कुमार ने भी स्थापना दिवस की सभी को बधाई देते कहा कि कम्पनी ने छहः दशक की इस यात्रा में सभी तरह के उतार चढ़ाव को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का क्रम जारी रखा है। कार्यप्रणाली में नए परिवर्तन के बाद भी सफ्लता निरंतर चल रही हैं। कार्यक्रम का संचालन रहीम खान एवं आभार सुश्री स्नेहलता मैडम द्वारा किया गया। कार्मिक विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक समीर बेनर्जी-भरवेली, विवेक महाकालकर -उकवा, रितेश माने -तिरोड़ी और उनके सहयोगी कर्मचारी साथियों का महत्वपूर्ण योगदान इस आयोजन में रहा।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने ली स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक..

## कुपोषण मुक्ति, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं विभागीय समन्वय पर जोर



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। बैठक में उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ***

कार्य करने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सभी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्य सीधे तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ा है, इसलिए दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों में कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चों की पहचान एवं उपचार की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एसएएम श्रेणी के बच्चों का शत-प्रतिशत चिन्हांकन कर उन्हें पोर्टल पर दर्ज करने तथा आवश्यकतानुसार पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में भर्ती कर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषित बच्चों को निर्धारित उपचार एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

समीक्षा के दौरान खैरलांजी एवं किरनापुर परियोजनाओं में एसएएम बच्चों के चिन्हांकन की स्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन आंगनवाड़ी भवनों को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, उनके निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेन्द्र सुन्द्रियाल ने बताया कि जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण संवर्धन के उद्देश्य से मुनगा (सहजन) के पौधे रोपित किए जाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल पर समयबद्ध पंजीयन तथा नियमित अंतराल पर एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कटंगी विकासखंड में एएनसी पंजीयन की प्रगति कम पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को विशेष प्रयास कर सुधार लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले की कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन एवं आवश्यक स्वास्थ्य जांच से वंचित नहीं रहनी चाहिए।

कलेक्टर श्री मीना ने सभी विकासखंडों के बीपीएम को विभागीय योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में टीबी मरीजों को पोषण किट का समय पर वितरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण उन्मूलन तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेन्द्र सुन्द्रीयाल, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक उपस्थित थी।

## बड़े भाई की हत्या के आरोप में 19 जून से जेल में बंद

# बालाघाट उप जेल के कैदी कृष्ण उदयपुरे की संदिग्ध मौत, बहन ने मारपीट का लगाया आरोप..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***अपने बड़े भाई की हत्या के आरोप में जेल में बंद कैदी कृष्णाकिशोर उदयपुरे की आज 24 जून दिन बुधवार को दोपहर में जिला अस्पताल में न्यायिक अभिरक्षा में उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार हट्टा पुलिस थाना अंतर्गत 16 जून को कुलदीप उदयपुरे की संदिग्ध मौत के***

मामले की जांच के बाद हट्टा पुलिस ने कृष्ण किशोर को आरोपी बनाया था। 19 जून को कृष्ण उदयपुरे को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। जेल जाने के चार दिन बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और बाद में उसकी मौत हो गई। मंगलवार देर रात तबीयत बिगड़ने पर आरोपी कृष्णकिशोर को जेल अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार दोपहर करीब 2:15 बजे उसकी मृत्यु हो गई।

मौत की सूचना मिलने पर मृतक की बहन ज्योति सोनी जिला अस्पताल पहुंचीं। रोते बिलखते हुए बहन ने आरोप लगाया कि उसके भाई को झूठे मामले में फंसाया गया और थाने और जेल में भी उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हुई है। ज्योति ने मीडिया कर्मीयों को बताया कि 23 जून को कोर्ट में मुलाकात के दौरान उसके भाई का चेहरा और एक पैर सूजा हुआ था। मौत के बाद दोनों पैर और शरीर में सूजन दिखाई दे रही थी। बहन ने यह भी आरोप लगाया कि उसके भाई को अस्पताल में भर्ती किए जाने की जानकारी नके परिवार को समय पर नहीं दी गई।

### आज होगा पोष्टमार्टम..

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के शव का पोष्टमार्टम 24 जून को नहीं हो सका, वहीं परिवारजनों के आरोपों के अनुरुप जेल में बंद आरोपी की मौत के शव का पोष्टमार्टम आज 25 जून को होगा। जेल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम करने के लिए कोतवाली थाना पुलिस को पत्र भेजा गया है, तथा शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रियल पंचनामा कार्रवाई के बाद कराने की बात कही जा रही है।

# कड़े परिश्रम से ही बनेंगे बालाघाट के ये खिलाड़ी भविष्य के ओलंपिक मेडलिस्ट : न्यायाधीश सतीश शर्मा

## विश्व ओलंपिक दिवस पर 35 खिलाड़ियों का का पदक से सम्मान




जगप्रेरणा बालाघाट।

विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने चित्रकला के माध्यम से योग, स्वास्थ्य और ओलंपिक मूल्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायालय के न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्री सतीश शर्मा तथा जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे रहे। खिलाड़ियों ने विश्व योग दिवस और विश्व ओलंपिक दिवस की थीम पर आधारित चित्रों के माध्यम से मानव जीवन में योग, स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस के महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर उत्कृष्ट खेल चित्रकारिता करने वाले 35 खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री सतीश शर्मा ने कहा कि कड़े परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही भविष्य के ओलंपिक मेडलिस्ट तैयार होंगे। उन्होंने खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों में योग और ओलंपिक के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। श्री शर्मा ने कहा कि चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां खिलाड़ियों को अपनी कल्पनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर देती हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। वहीं श्री नरेश धुवारे ने भी खिलाड़ियों को खेलों के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल प्रशिक्षक श्री सजिन्द्र कृष्णन द्वारा जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी श्री धीरज डोंगरे, वरिष्ठ कर्मचारी श्री योगेंद्र पटले, लिपिक श्री केदारनाथ ठाकरे, श्री शैलेंद्र यादव, श्री अजय ठाकुर (आकाशवाणी) तथा श्री कमल तिलासे सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वन्य प्राणी बाघ के संदिग्ध अवयवों के साथ वन विभाग ने 05 आरोपियों को धर दबोचा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिला जहां वन एवं पर्यटन के लिये पुरी दुनिया में पहचान बनाए हुए है, वहीं जिले की इस पहचान को जिले से छीनने के लिये वन्य प्राणीयों के शिकारी भी सक्रिय हैं, तथा***

ऐसे ही तस्करों को वन विभाग बैहर की टीम द्वारा विशेष कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर वन अधिकारी कर्मचारी ग्राहक बनकर पहुंचे थे। आरोपियों ने उन्हें बताया कि उनके कब्जे से बरामद दो अलग-अलग हड्डियां/कंकाल है जो बाघ के हैं, जिनमें से एक बाघ की हड्डी बम्हनी बंजर, जिला मंडला से लाया जाना बताया वहीं दूसरे बाघ का कंकाल की पुष्टि नहीं हो पाई। प्रथम दृष्टया दोनों कंकाल बाघ के ही प्रतीत होने की स्थिति में बरामद अवयवों की वास्तविक पहचान एवं पुष्टि हेतु उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। आगे की पूछताछ हेतु वन विभाग द्वारा आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया है। जिसमें रामलाल टेकाम, उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम कुरवाही, दशरथ परते, उम्र 45 वर्ष, निवासी बिछिया, भीम सिंह परते निवासी हर्राभाट, रविन्द्र सोनकुसरे निवासी छपारा, राजकुमार सोनकुसरे निवासी छपारा, देवीदयाल ढोढरे निवासी छपारा है। मामले में अन्य भी आरोपी हो सकते हैं। जिसमें देवीदयाल का नाम सामने आया है। मामले में सभी के खिलाफवन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# खेत में चल रहे रोटावेटर में फंसा युवक का शव..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिले के केवलारी थाना अंतर्गत अलोनी खापा में बीते दिवस एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। खेत में धान की बोवनी के दौरान एक 18 वर्षीय युवक ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया, जिससे उसका सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

इस वीभत्स घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार केवलारी से बगलई मार्ग पर लगभग 17-18 किलोमीटर दूर अलोनी खापा गांव में शाम लगभग 4 बजे के बीच हुआ। बताया जा रहा है कि गांव के ही सौरभ पटेल के खेत में धान की बुवाई का कार्य चल रहा था।

ट्रैक्टर में रोटावेटर चल रहा था और पीछे की तरफ सीड ड्रिल (सिडल) मशीन लगी हुई थी। मृतक युवक की पहचान सोनू पुत्र नेहरू दास (18) अलोनी खापा के रूप में हुई है, खेत में बोवनी के काम में मजदूरी करने गया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हादसा उस वक्त हुआ जब सोनू संभवतः मशीन के पीछे यह देखने झुका कि सीड ड्रिल से बीज सही तरीके से गिर रहा है या नहीं। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह फिसलकर सीधे रोटावेटर की तेज ब्लेड्स की चपेट में आ गया। रोटावेटर की चपेट में आने के कारण युवक का सिर कटकर धड़ से अलग हो गया और इंजन की तरफ जा गिरा, जिससे उसकी तत्काल ही मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 100/112 तथा केवलारी पुलिस बकी टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंचे पुलिस वाहन के पायलट शंकर देशमुख व उनके साथ मौजूद सैनिक बलराम उदाली के अलावा केवलारी पुलिस बल ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है।

# वीरांगना रानीदुर्गावती बलिदान दिवस पर कांग्रेस जनों ने अर्पित की पुष्पांजलि





**जगप्रेरणा सिवनी।**
मध्यप्रदेश का गौरव वीरांगना रानीदुर्गावती बलिदान दिवस जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा रानीदुर्गावती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात नरेश मरावी द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। बलिदान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हनीफ खान, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल, जिला कांग्रेस महासचिव अतुलचंद मालू, यशपाल भलावी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, पिछड़ा वर्ग विभाग जिला अध्यक्ष विनोद यादव, सांस्कृतिक कांग्रेस प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अशोक नरवेती, शंकरलाल डेहरिया, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिवदीप डेहरिया, सतेन्द्र बघेल, सुजीत गोदरे, नितिन बघेले, अजय सोनी, आरिफ सफारी, शरद वैसले, अनुज चैकसे, गोपाल पटैल, आशु यादव, माधव तिरैया की उपस्थिति रही।

# नगरपालिका परिषद सिवनी में बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए : कांग्रेस पार्षद दल

**जगप्रेरणा सिवनी।**
नगरपालिका परिषद सिवनी में बाहरी तत्वों द्वारा हस्तक्षेप पर रोक लगाए जाने एवं कांग्रेस पार्षदो के साथ हो रहे भेदभाव को रोकने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद दल नगरपालिका परिषद सिवनी द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि नगरपालिका परिषद सिवनी में बाहरी तत्वों का हस्तक्षेप बढ़ता ही जा रहा है, उपयंत्री श्रीमती वंदना मरकाम के विदाई समारोह कार्यक्रम मानस भवन में बाहरी तत्व द्वारा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान के साथ गाली गलौच करते हुए धक्का मुक्की की गई जो बहुत ही निदंनीय कृत्य है, जिसके कारण नगरपालिका परिषद सिवनी की छवि धूमिल हो रही है। कांग्रेस पार्षदो के साथ भी भेदभाव किया जा रहा है उन्हें नगरपालिका के अनेक कार्यक्रमों की सूचना नहीं दी जाती। वार्ड के विकास कार्यो में भी अनदेखी की जा रही है जिसके कारण नगर विकास प्रभावित हो रहा है।

समस्त कांग्रेस पार्षद मांग करते है कि नगरपालिका परिषद के किसी भी कार्य में बाहरी तत्वों का हस्तक्षेप बंद किया जाए। ताकि भविष्य में कोई अनहोनी घटना न होने पाए। मानस भवन की सीसी फुटेज के आधार पर बाहरी व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाए। कांग्रेस पार्षदों की अनदेखी बंद हो, उनके वार्डो में सामान्य रूप से विकास कार्य कराये जाए।

# बिरसा मुण्डा के बलिदान दिवस पर सिवनी में एक दिवसीय विचार संगोष्ठी 26 जून को

## मुख्य अतिथि होंगे डॉ. कैलाश जाटव, विशेष गढ़पाले करेंगे अध्यक्षता..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
धरती आबा, क्रान्ति सूर्य, अमर शहीद भगवान बिरसा मुण्डा जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में म.प्र. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला इकाई सिवनी द्वारा 'एक दिवसीय विचार संगोष्ठी' का आयोजन किया जा रहा है।

संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार राजनेगी ने बताया कि यह कार्यक्रम शुक्रवार, 26 जून 2026 को दोपहर 3:00 बजे से द ग्रैंड रजवाड़ा, जबलपुर रोड, लूघरवाड़ा, सिवनी में आयोजित होगा. संगोष्ठी का विषय 'भारत की सामाजिक व आर्थिक प्रगति में महापुरुषों का योगदान' रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि म.प्र. राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव होंगे. अध्यक्षता वरिष्ठ IAS एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष म.प्र. अजाक्स विशेष गढ़पाले करेंगे. वहीं मुख्य वक्ता के रूप में प्रांताध्यक्ष म.प्र. अजाक्स चौधरी मुकेश मौर्य अपने विचार रखेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश भर से अनेक वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिनमें रामकिशोर दाहिया, श्यामलाल डोहरिया, डॉ. संजय वासनिक, एस.आर. मेरावी प्रमुख हैं।

आयोजक सुधीर कुमार राजनेगी ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बिरसा मुण्डा, ज्योतिबा फुले, छत्रपति शाहू जी महाराज एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जैसे महापुरुषों के विचारों और उनके सामाजिक-आर्थिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। संघ ने जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# शासन का आदेश मानना अपमान समझते हैं शिक्षक

## ट्रांसफर का आदेश होने के एक सप्ताह बाद भी नही हुआ पालन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के अनुसार एक जून से शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसके तहत कतिपय विभागों द्वारा अपने विवादित कर्मचारियों के प्रशासकीय आधार पर स्थानान्तरण आदेश जारी भी कर दिए गए हैं ऐसा ही एक आदेश जिले के सबसे ज्यादा चर्चित आदिम जाति कल्याण विभाग से दिनांक 15 जून को जारी हुआ है जिसमें विभाग द्वारा अपने प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 31 शिक्षकों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए हैं बताया जाता है कि उस सूची में 24 वें सरल क्रमांक पर संदीपनी विद्यालय छपारा के माध्यमिक शिक्षक शिवप्रसाद पंचेश्वर का है। आदेश जारी होने को एक सप्ताह पूर्ण हो जाने के बाद भी उक्त शिक्षक शासन का आदेश पालन करने के बजाय उसे निरस्त करवाने की जुगत में लगा है ।

अभी तक उक्त विवादित शिक्षक न अपनी संस्था से कार्यमुक्त हुआ है और न ही अपनी नई संस्था में आमद दिया है। बताया जाता है कि उक्त शिक्षक छपारा छोड़कर अन्य स्थान पर जाना ही नहीं चाहता है जिसका कारण शासकीय शिक्षक होने के बावजूद उसके द्वारा संचालित कोचिंग है जिससे वह मोटी रकम कमाता है। ज्ञात हुआ है कि उक्त विवादित शिक्षक की कार्यप्रणाली से नाराज़ कुछ छात्र संगठनों ने भी उसकी शिकायत की थी जिसके आधार पर ही सत्ताधारी दल के किसी नेता की अनुशंसा पर उसका स्थानांतरण प्रशासनिक आधार पर हुआ है उसके बाद भी वह उद्दंड शिक्षक सत्ताधारी दल को चुनौती देते हुए अपना ट्रांसफर निरस्त करवाने के प्रयास में लगा है। बताया जाता है कि उक्त शिक्षक के सिर पर उसके प्राचार्य महेश रहमतकर का वरदहस्त है जो जिला कार्यालय से संपर्क कर ट्रांसफर निरस्त करवाने में उसकी मदद करने में लगा है। अब देखना यह है कि सत्ताधारी दल की अनुशंसा पर हुए ट्रांसफर में सत्ताधारी नेता भारी पड़ते हैं या कोचिंग के माध्यम से अवैध कमाई में लिप्त शिक्षक और उसका संरक्षक प्राचार्य।

# रानी दुर्गावती मरावी जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम संपन्न



**जगप्रेरणा छपारा।**
24 जून को रानी दुर्गावती मरावी जी के सिवनी विधानसभा क्षेत्र के सुकरी घुघसा में बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदम सिह बरकडे अध्यक्ष जनपद पंचायत छपारा कार्यक्रम में शामिल हुए सर्व प्रथम रानी दुर्गावती मरावी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वागत तिलक बंदन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जनपद पंचायत अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ने अपने सरगर्वित उद्‌बोधन में सुकरी घुंघसा क्षेत्र कि जानता को वीरांगना रानी दुर्गावती मरावी जी की प्रेरणा दी उन्होंने कहा की उनके पद चिन्हों चलने कि आवश्यकता है गोंडवाना समराज की वीरांगना रानी दुर्गावती मरावी जी के बलिदान दिवस पर सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी इस अवसर पर विशेष अतीथी अनिरूद्ध धुर्वे ब्लाक अध्यक्ष गो, ग, पा, छपारा, अध्यक्षता रामभरोस उइके सरपंच सुकरी नन्हेलाल कुमरे शिव दयाल उइके दशाराम भलावी,राजेश उइके सहित क्षेत्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

# यादव समाज सदैव समाज एवं राष्ट्रहित के साथ खड़ा रहा है : यादव महासभा..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिला यादव महासभा सिवनी द्वारा आज दिनांक 24 जून 2026, दिन बुधवार को दोपहर 03:00 बजे होटल नटराज पैलेस, तिकोना पार्क, सिवनी में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

पत्रकार वार्ता में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं एवं मीडिया साथियों का आभार व्यक्त करते हुए महासभा की ओर से कहा गया कि 24 मई 2026, दिन रविवार को आयोजित जिला सम्मेलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन के विशाल आयोजन में मीडिया जगत का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन के पूर्व, आयोजन के दौरान तथा आयोजन के पश्चात सभी पत्रकार साथियों ने जिस प्रकार सहयोग प्रदान किया, वह प्रशंसनीय एवं अविस्मरणीय है। महासभा ने भविष्य में आयोजित होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार सहयोग एवं मार्गदर्शन बनाए रखने का आग्रह किया। वार्ता के दौरान मध्यप्रदेश शासन के माननीय मुख्यमंत्री एवं यादव समाज के गौरव डॉ. मोहन यादव जी के संबंध में भूमि विवाद एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों पर पत्रकारों द्वारा प्रश्न पूछे गए। इस विषय पर समाज की ओर से स्पष्ट किया गया कि यदि लगाए गए आरोप निराधार एवं मिथ्या सिद्ध होते हैं तो यादव समाज पूरी मजबूती के साथ डॉ. मोहन यादव जी के साथ खड़ा है। समाज का मानना है कि इस विषय की निष्पक्ष एवं गंभीर जांच होनी चाहिए तथा जिन लोगों ने भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी प्रसारित कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया है, उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि डॉ. मोहन यादव जी एक कर्मठ, निष्ठावान एवं संघर्षशील व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, क्षमता एवं बाबा महाकाल के आशीर्वाद से यह मुकाम प्राप्त किया है। उन पर लगाए जा रहे आरोप केवल राजनीतिक घटनाक्रम का हिस्सा प्रतीत होते हैं। यादव समाज सदैव समाज एवं राष्ट्रहित के साथ खड़ा रहा है तथा सभी जातियों, वर्गों एवं धर्मों का सम्मान करता है। समाज सामाजिक समरसता, सद्‌भाव एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों में विश्वास रखता है।

पत्रकार वार्ता में जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, एडवोकेट अखिलेश यादव, रमण यादव (बाबू भैया), विनोद यादव, के.के. यादव, महेश यादव, उमेश यादव, रामकिशोर यादव, राजेन्द्र यादव सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# शिव सनोडिया को मिली कांग्रेस जिला महासचिव की जिम्मेदारी..

## कार्यकर्ताओं में उत्साह..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा हाल ही में जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। 52 सदस्यों वाली इस कार्यकारिणी में जिले के विभिन्न वर्गों, समाजों और क्षेत्रों के सक्रिय नेताओं को प्रतिनिधित्व देकर संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है।

नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ एवं जमीनी स्तर पर लंबे समय से कांग्रेस संगठन के लिए कार्य कर रहे शिव सनोडीया को जिला महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए एक सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय माना जा रहा है। शिव सनोडीया वर्षों से कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान है तथा जिले के विभिन्न वर्गों में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सदैव सहभागी रहने और संगठन के प्रति समर्पण के कारण वे कांग्रेस के विश्वसनीय नेताओं में गिने जाते हैं। यही कारण है कि उनकी नियुक्ति को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन को नई ऊर्जा देने वाला निर्णय बताया है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि शिव सनोडी लया के अनुभव, सक्रियता और जनसंपर्क का लाभ कांग्रेस को आगामी चुनावों में मिल सकता है। उनकी नियुक्ति से संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिला महासचिव बनाए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कार्यकर्ताओं का विश्वास है कि शिव सनोडीया के नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता से कांग्रेस पार्टी जिले में और अधिक मजबूत होकर उभरेगी।

# कान्हीवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या हाईस्कूल ग्राउंड, कान्हीवाड़ा में भारतीय जनता पार्टी मंडल कान्हीवाड़ा के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल कान्हीवाड़ा के समस्त कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक एवं पतंजलि योग केंद्र के संचालक श्रीराम ठाकुर के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। योग क्रियाओं का संचालन हरिशंकर साहू द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सभापति इन्द्रकुमार जंघेला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मंडल प्रभारी श्रीराम ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री एडवोकेट अंकित साहू, मंडल मीडिया प्रभारी संतोष बंदेवार, बूथ अध्यक्ष नेपाल चंद्रवंशी, सोनू बंदेवार, भगवानदास साहू, हरिशंकर साहू, चंद्रकांत साहू, मानव साहू, नारायण आहके, संजू साहू, तीरथ साहू, प्रिंसिपल रजक सर, शिक्षक टक्कन सिंह परते, क्षितिज कुमार जंघेला सहित कन्या शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने का माध्यम है। उन्होंने सभी से नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही और सभी ने सामूहिक रूप से योग कर स्वास्थ्य, अनुशासन एवं भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

# शॉर्ट सर्किट से घंसौर थाना के कंप्यूटर कक्ष में लगी आग..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
घंसौर थाना परिसर में बुधवार सुबह करीब 4 बजे कंप्यूटर कक्ष में आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद उस पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार आग से कंप्यूटर कक्ष में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर, बैटरी, इन्वर्टर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। थाना रिकॉर्ड से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और कार्यालयीन सामग्री भी जलकर नष्ट होने की आशंका है। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो थाना भवन के अन्य हिस्सों तक भी फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। आग लगने के बाद थाना प्रभारी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस अधिकारियों ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के संबंध में आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई भी की जा रही है।

## डिजिटल रिकॉर्ड, कार्यालयीन डेटा जलकर राख..

इस आगजनी से थाना के तकनीकी और प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने की संभावना है। कंप्यूटर कक्ष में विभिन्न मामलों से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड, कार्यालयीन डेटा और पत्राचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सुरक्षित रखी जाती थीं। पुलिस विभाग अब उपलब्ध रिकॉर्ड का सत्यापन कर नुकसान की वास्तविक स्थिति का पता लगाने में जुटा है। स्थानीय लोगों ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकारी कार्यालयों में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

# ग्राम गुधना के किसानों ने खेत तक सड़क निर्माण की लगाई गुहार..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
विकासखंड छपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ के ग्राम गुधना के किसानों ने खेतों तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर सिवनी को जनसुनवाई में आवेदन सौंपा है। आवेदन में बताया गया है कि ग्राम गुधना लगभग 95 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाला ग्राम है, जहां अधिकांश निवासी लघु एवं सीमांत कृषक हैं। गांव तीन ओर से पहाड़ियों तथा एक ओर प्रतापगढ़ जलाशय से घिरा हुआ है। किसानों के खेतों तक पहुंचने के लिए उचित मार्ग उपलब्ध नहीं होने से उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग द्वारा पूर्व में स्थापित सीमांकन मुनारों को स्थानांतरित कर आगे बढ़ा दिया गया, जिससे पहले से उपयोग में आने वाला कच्चा रास्ता वन विभाग की सीमा में आ गया है। इसके कारण ग्राम पंचायत सड़क निर्माण नहीं करा पा रही है। कुछ स्थानों पर मुनारे किसानों की निजी भूमि के अंदर भी स्थित हैं, जिससे किसानों को एक-दूसरे के खेतों से होकर आवागमन करना पड़ता है। किसानों ने बताया कि खाद, बीज और कृषि उपकरण खेतों तक पहुंचाने में काफी कठिनाई होती है तथा कई बार आपसी विवाद की स्थिति भी बन जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की सुविधा के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर शीघ्र सड़क निर्माण कराया जाए। जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में वन विभाग से आवश्यक भूमि उपलब्ध कराकर सड़क निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की भी मांग की गई है। प्रार्थी मोहम्मद साबिर खान सहित ग्रामवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा का किया निरीक्षण

## तकनीकी एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, निष्पक्ष संचालन पर दिया जोर





जगप्रेरणा कटंगी।

***राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत बी.एस.डब्ल्यू. (बैचलर ऑफसोशल वर्क) एवं एम.एस.डब्ल्यू. (मास्टर ऑफसोशल वर्क)***

की मुख्य परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रमानुसार संचालित की जा रही हैं। परीक्षाओं का शुभारंभ 22 जून से हुआ है तथा इन्हें दो पालियों में सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जा रहा है।

बुधवार को प्रथम पाली में आयोजित एम.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष की परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अनिल कुमार शेंडे एवं जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री सुरेंद्र भगत ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु किए गए प्रबंधों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने प्रश्नपत्रों, उत्तरपुस्तिकाओं एवं परीक्षा संचालन से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण करते हुए निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम समाजोन्मुखी एवं उत्तरदायी नेतृत्व तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे में इसकी परीक्षाओं का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित होती मिलीं। परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों ने भी निर्धारित नियमों का पालन करते हुए उत्साह, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ परीक्षा में सहभागिता दर्ज कराई।

मुख्य परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन में परामर्शदाता श्री अरविंद दरवाडे, श्री राज ब्यौत्रा, श्रीमती अंजू डोंगरे एवं श्रीमती शालू राऊत का विशेष योगदान रहा।

उनके समन्वित प्रयासों से परीक्षा केंद्र पर अनुशासन, पारदर्शिता एवं व्यवस्थागत दक्षता सुनिश्चित की जा सकी। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आगामी प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं, जिससे परीक्षाएं सुचारु, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो सकें।

# निक्कुम की महिलाओं ने बदली खेती की तस्वीर : जैविक संसाधन केंद्र बन रहा प्राकृतिक खेती का मजबूत आधार..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों के बीच बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड का छोटा सा ग्राम निक्कुम प्राकृतिक खेती की दिशा में एक नई मिसाल कायम कर रहा है। यहां राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत स्थापित 'मां भवानी जैविक उत्पाद समूह' का जैविक संसाधन केंद्र किसानों को आत्मनिर्भर***

बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उप संचालक कृषि एवं सह परियोजना संचालक श्री फूल सिंह मालवीय के नेतृत्व में संचालित इस पहल ने ग्रामीण महिलाओं और किसानों को एक साझा मंच प्रदान किया है, जहां वे सामूहिक रूप से जैविक खाद, जैविक कीटनाशक तथा कृषि कार्यों में उपयोगी अन्य प्राकृतिक उत्पाद तैयार कर रहे हैं। समूह की संचालिका श्रीमती डेलन पंचतिलक के मार्गदर्शन में केंद्र का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है।

ग्राम निक्कुम में स्थापित यह केंद्र केवल जैविक उत्पाद निर्माण का स्थान नहीं, बल्कि किसानों के लिए सीखने और आत्मनिर्भर बनने का केंद्र भी बन चुका है। यहां गोबर, गोमूत्र, नीम, जीवामृत तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों का निर्माण किया जाता है। इन उत्पादों के उपयोग से खेतों की मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, फसलों की गुणवत्ता में सुधार होता है और किसानों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि जैविक संसाधन केंद्र के माध्यम से उन्हें गांव में ही गुणवत्तापूर्ण जैविक उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे खेती की लागत घट रही है और उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर हो रही है। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों का विश्वास भी लगातार बढ़ रहा है।

विकासखंड तकनीकी प्रबंधक श्रीमती खिमलेश्वरी धुर्वे ने बताया कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत बिरसा विकासखंड में वर्तमान में जानपुर, निक्कुम और कटंगी में तीन जैविक संसाधन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। ये केंद्र प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, किसानों को कम लागत वाली टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोडने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

आज निक्कुम का यह जैविक संसाधन केंद्र ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता, सामूहिक प्रयास और प्राकृतिक खेती के प्रति बढ़ती जागरूकता का जीवंत उदाहरण बन चुका है।

यह केंद्र न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित खाद्य उत्पादन और स्वच्छ पर्यावरण की नींव भी रख रहा है। प्राकृतिक खेती की यह पहल ग्रामीण आत्मनिर्भरता और सतत कृषि विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर रही है।

# योग और विधिक जागरूकता का संगम, न्यायालय परिसर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस..





## "स्वस्थ तन, शांत मन और जागरूक समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका" : न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती

जगप्रेरणा बालाघाट।

***12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में विशेष योग एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी***

के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रातः 7 बजे आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम ''स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग'' को केंद्र में रखते हुए योगाभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कमलेश मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा बाथरी सहित न्यायालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षित योग शिक्षक एवं अधिवक्ता श्री संतोष लिल्हारे के निर्देशन में आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

योग सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मानसिक संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसे उसके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि योग तनावमुक्त जीवन और सकारात्मक सोच का आधार है तथा न्यायपालिका और विधिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए भी इसकी उपयोगिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

योग सत्र के बाद आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं, मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के अधिकारों तथा विभिन्न विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों से अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों और वरिष्ठ नागरिकों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ, जागरूक और तनावमुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम ने स्वास्थ्य और विधिक जागरूकता को एक साथ जोड़ते हुए समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपजेल वारासिवनी में विधिक जागरूकता एवं योग शिविर आयोजित..

## "करो योग, रहो निरोग" : न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश की समस्त जेलों में 15 जून से 21 जून तक आयोजित राज्यव्यापी योग अभियान के अंतर्गत उपजेल वारासिवनी में विशेष योग एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी ने बंदियों को विधिक अधिकारों एवं योग के महत्व की जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा आयुष मंत्रालय के निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान से हुई। वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव ने योग के आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति और सकारात्मक जीवन का मार्ग भी है। उन्होंने उपस्थित बंदियों को ''करो योग, रहो निरोग'' के सिद्धांत को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात योग शिक्षक गणेश चुरहे ने समस्त बंदियों एवं जेल स्टाफ को योगाभ्यास कराया। योग सत्र के बाद व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी ने विशेष उद्बोधन में निःशुल्क विधिक सहायता, अधिवक्ता की उपलब्धता, शीघ्र सुनवाई, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, जेल में रहकर शिक्षा एवं परीक्षा की सुविधा, पुस्तकालय और अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए यातायात नियमों के पालन और नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने के संबंध में भी जागरूक किया।

कार्यक्रम में बंदियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया गया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क', कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष हीरा सिंह चंदेल, मनीराम बिसेन, सुमेरचंद कोल्हे एवं अशोक दुबे उपस्थित रहे। जेल विभाग की ओर से लक्ष्मीनारायण राय तथा विधि प्रकोष्ठ से श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती नेहा बाथरी एवं जेल स्टाफ को ''मां चंदन चालीसा एवं आरती'' पुस्तिका भेंट की गई। आयोजित विधिक जागरूकता एवं योग शिविर में लगभग 55 बंदियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किया।

# कृषि सखी की पहल से किसानों में बढ़ी डीएसआर तकनीक के प्रति जागरूकता

## सुपर सीडर मशीन से धान की बुवाई का किया गया प्रदर्शन



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक एवं लागत प्रभावी कृषि तकनीकों से जोडने के उद्देश्य से बिरसा विकासखंड के ग्राम कटंगी में धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक का प्रदर्शन किया गया।***

इस अवसर पर कृषि सखी ममता पटले के मार्गदर्शन में कृषक देवीलाल पटले के खेत में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई कराई गई।

डेमो प्रदर्शन के दौरान किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक के लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस पद्धति में धान की रोपाई की आवश्यकता नहीं होती, जिससे श्रम एवं समय की बचत होती है। साथ ही खेती की लागत कम होने के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

कृषि सखी ममता पटले ने किसानों को बताया कि सुपर सीडर मशीन से धान की बुवाई करने पर खेत की तैयारी सरल हो जाती है तथा फसल की अच्छी बढ़वार के साथ उत्पादन में भी वृद्धि की संभावना रहती है। उन्होंने किसानों को परंपरागत रोपा पद्धति के स्थान पर आधुनिक डीएसआर तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने सुपर सीडर मशीन की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और इसके लाभों की जानकारी प्राप्त की। कृषकों ने इस तकनीक में रुचि दिखाते हुए आगामी सीजन में अपने खेतों में भी डीएसआर पद्धति अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

कृषि विभाग ने बताया कि जिले में डीएसआर तकनीक एवं कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य किसानों की उत्पादन लागत कम करना, जल एवं श्रम की बचत करना तथा कृषि को अधिक लाभकारी बनाना है। ग्राम कटंगी में आयोजित यह प्रदर्शन किसानों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों को समझने और अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिससे क्षेत्र में धान उत्पादन की उन्नत एवं टिकाऊ पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

# वारासिवनी की अदालत ने सुनाई मारपीट के आरोपी को एक माह कारावास की सजा..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, वारासिवनी ने मारपीट के एक मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए एक माह के साधारण कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह निर्णय थाना खैरलांजी के अपराध क्रमांक 168/2023 से संबंधित प्रकरण में दिया गया।***

अभियोजन के अनुसार, आरोपी परसराम पिता हीराजी धार्मिक (46 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 6, बेरी, थाना खैरलांजी ने 1 अगस्त 2023 की सुबह पुरानी रंजिश के चलते फरियादी बाबूलाल के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। घटना के दौरान आरोपी ने लकड़ी से हमला किया, जिससे फरियादी के हाथ, जांघ, पीठ एवं कमर में चोटें आई थीं। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले की जांच के बाद पुलिस द्वारा न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य एवं गवाहों के माध्यम से आरोप सिद्ध किए। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई। न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 325 के तहत एक माह के साधारण कारावास तथा 1,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# रिटायरमेंट से 6 दिन पहले रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया इंजीनियर, 5 लाख कैश बरामद; आलीशान घर की छत पर स्विमिंग पूल..



डेस्क जगप्रेरणा।

*ओडिशा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही के तहत विजिलेंस विभाग ने रायगड़ा के ग्रामीण विकास विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर प्रसन्न कुमार पटनायक को 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।*

हैरानी की बात यह है कि आरोपी अधिकारी 30 जून 2026 को रिटायर होने वाले थे, लेकिन रिटायरमेंट से कुछ दिन पहले ही विजिलेंस के जाल में फंस गए। जानकारी के मुताबिक, एक ठेकेदार ने विभाग के इस अधिकारी के खिलाफ शिकायत की थी। ठेकेदार का आरोप था कि उसने विभाग के लिए कई काम पूरे किए थे, जिनके करीब 50 लाख रुपये के बिल लंबित थे। साथ ही उसे नए टेंडर में भाग लेने के लिए कार्य वर्क एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट की जरूरत थी।

### प्रसन्न कुमार ने ढाई लाख मांगी थी रिश्वत..

आरोप है कि प्रसन्न कुमार पटनायक ने बिलों के भुगतान को मंजूरी देने और अनुभव प्रमाणपत्र जारी करने के बदले 2.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, जिसके बाद बातचीत के दौरान रिश्वत की रकम घटाकर 2 लाख रुपये कर दी गई।

### विजिलेंस विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से किया गिरफ्तार..

रिश्वत की मांग से परेशान ठेकेदार ने इसकी जानकारी विजिलेंस विभाग को दी। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस अधिकारियों ने योजना बनाकर जाल बिछाया। इसके तहत आरोपी इंजीनियर को ठेकेदार से 2 लाख रुपये लेते समय रंगे हाथों पकड़ लिया गया। कार्रवाई के दौरान विजिलेंस टीम ने आरोपी के कब्जे से पूरी 2 लाख रुपये की रिश्वत राशि बरामद कर जब्त कर ली। गिरफ्तारी के बाद अधिकारियों ने एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की।

जांच के दौरान भुवनेश्वर के नंदन विहार स्थित बसुंधरा कॉलोनी में आरोपी का आलीशान घर देखकर विजिलेंस अधिकारी भी हैरान रह गए। शहर के प्रमुख इलाके में बने इस भव्य मकान की सबसे खास बात इसकी छत पर बना स्विमिंग पूल बताया जा रहा है। यह संपत्ति जांच के दायरे में है और इसकी विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

### रिश्वत के 5.39 लाख रुपये नकद जब्त..

विजिलेंस टीम ने भुवनेश्वर स्थित घर के अलावा नयागढ़ में उनके पैतृक निवास, रायगढ़ा स्थित सरकारी आवास और कार्यालय कक्ष में भी तलाशी ली। तलाशी के दौरान रायगड़ा स्थित सरकारी क्वार्टर से 3.39 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। रिश्वत की रकम को जोड़कर अब तक कुल 5.39 लाख रुपये नकद जब्त किए जा चुके हैं। इस मामले में कोरापुट विजिलेंस थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

विजिलेंस विभाग द्वारा मामले की जांच जारी है और आरोपी की चल-अचल संपत्तियों के साथ-साथ आय के स्रोतों की भी जांच की जा रही है। रिटायरमेंट से कुछ दिन पहले हुई इस कार्रवाई ने एक बार फिर सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की नजर विजिलेंस जांच के अगले खुलासों पर टिकी हुई है।

# नदी में डूबने की घटनाओं में दो सगे भाइयों समेत पांच लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तर प्रदेश के सोनभद्र और बाराबंकी जिलों में अलग-अलग घटनाओं में नदियों में नहाते वक्त डूबने से दो सगे भाइयों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।*



सोनभद्र के अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि चोपन थानाक्षेत्र के मीतापुर गांव में सोन नदी में नहाते समय डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। उन्होंने घटना में मृत बच्चों के परिजनों के हवाले से बताया कि शादी के बाद चौथी की रस्म पूरी करने के लिए परिजन और रिश्तेदार सोन नदी के तट पर इकट्ठा हुए थे तथा इसी दौरान उनमें से कुछ महिलायें नदी में नहाने चली गयी। कुमार ने बताया कि महिलाओं के साथ बोलबम (16) और दीपक (15) भी नदी में नहाने उतरे लेकिन गहरे पानी में चले जाने की वजह से वे डूब गये और उनकी मौत हो गयी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस को पास में ही संदीप नामक 18 वर्षीय युवक के भी नदी डूबने की सूचना मिली। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी ने आरोप लगाया कि अवैध तरीके से बड़ी-बड़ी मशीनों के माध्यम से खनन होने के कारण नदी के तल में स्थान स्थान पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनके कारण नदी में नहाते समय गहराई का अंदाजा नहीं हो पाता एवं लोग डूब जाते हैं। घटनास्थल पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शासन पीड़ित परिवारों के साथ है तथा उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शवों को खोजने के लिए राज्य आपदा राहत बल की टीम को बुलाया गया है और जल्द ही सभी शवों को बरामद कर लिया जाएगा। बाराबंकी से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक जिले के हैदरगढ़ में अवसानेश्वर मन्दिर धाम में गोमती नदी में स्नान करने उतरे दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लोनीकटरा थाना क्षेत्र के बुधनापुर गांव के अशोक कुमार पांडेय के पुत्र ऋतिक पांडेय उर्फ हनी (14) तथा गजेंद्र पांडेय (18) सुबह साढ़े नौ बजे अवसानेश्वर धाम दर्शन करने आए थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान हनी गोमती नदी में नहाने के दौरान डूबने लगा। सूत्रों ने बताया कि छोटे भाई को डूबता देख कर हैप्पी भी उसे बचाने के लिये नदी में कूद गया लेकिन वह भी डूब गया। उन्होंने बताया कि हनी को कुछ ही देर में गोताखोरों ने बाहर निकाल लिया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी, वहीं हैप्पी का शव देर से बरामद हो सका। प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# मुंबई की लोकल ट्रेन में दरवाजे खुले रखने को लेकर हुआ विवाद, व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*मुंबई की एक लोकल ट्रेन में बारिश के दौरान दरवाजे खुले रखने को लेकर हुए विवाद के बाद 22 वर्षीय एक युवक की उसके सह-यात्री ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी।*



इस साल लोकल ट्रेनों में चाकूबाजी की यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान बाद में सचिन रमेश सुवर्णा (30) के रूप में हुई, जिसे करीब 400 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और बड़े पैमाने पर चलाए गए तलाश अभियान के बाद कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि पीड़ित मयंक लोहार पर सुवर्णा ने मंगलवार को पश्चिमी उपनगर के अंधेरी और बोरीवली रेलवे स्टेशनों के बीच एक प्रथम श्रेणी के डिब्बे के भीतर जानलेवा हमला किया था। इसी दिन शहर में मानसून ने भी दस्तक दी थी।

अधिकारियों ने बताया कि चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल ट्रेन रात 10:42 बजे जब अंधेरी स्टेशन पर पहुंची, तभी लोहार और सुवर्णा के बीच तीखी बहस शुरू हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल ट्रेन रात 10:42 बजे जब अंधेरी स्टेशन पर पहुंची, तो लोहार और एक अन्य यात्री के बीच बहस हो गई। उन्होंने बताया कि उनमें से एक चाहता था कि दरवाजे खुले रखे जाएं, जबकि दूसरे ने बारिश का हवाला देते हुए इसपर आपत्ति जताई। अधिकारियों के मुताबिक, बहस के दौरान आरोपी ने एक धारदार हथियार निकाला और लोहार के पेट में घोंप दिया। इस हमले में लोहार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बोरिवली स्टेशन पर ट्रेन के रूकने से पहले ही आरोपी उससे कूदकर भाग गया।

उन्होंने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षाबल (आरपीएफ) के कर्मियों की मदद से लोहार को एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पश्चिम रेलवे प्रशासन ने बताया कि चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल ट्रेन के प्रथम श्रेणी डिब्बे में दरवाजे को लेकर हुए झगड़े के दौरान एक यात्री ने लोहार को चाकू मार दिया। उसने बताया कि ट्रेन रात 11:04 बजे बोरिवली स्टेशन पहुंची और जीआरपी एवं आरपीएफके जवान तीन मिनट के भीतर डिब्बे में पहुंच गए तथा उन्होंने चिकित्साकर्मियों को बुलाया। रेलवे प्रशासन के अनुसार, लोहार को रात 11:22 बजे बोरिवली स्टेशन के आपात चिकित्सा कक्ष लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी जांच की। एक अधिकारी ने बताया कि चिकित्सकीय परामर्श पर रेलवे प्रशासन ने रात 11:42 बजे एम्बुलेंस से उसे कांदिवली के शताब्दी अस्पताल भेजने का इंतज़ाम किया। रेलवे प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य सबूत जांच एजेंसियों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने रात करीब एक बजे बोरीवली स्टेशन का दौरा कर घटना की समीक्षा की। अधिकारी ने बताया कि जीआरपी ने शहर के पश्चिमी क्षेत्र के तहत आने वाले पुलिस थानों और अपराध शाखाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलाकर सात जांच टीमें गठित की थीं।

इन टीमों ने बोरीवली, अंधेरी, मीरा रोड और नालासोपारा रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ शहर के नजदीकी प्रवेश और निकास द्वारों पर लगे 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

रेलवे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'तकनीकी गोपनीय जानकारी की मदद से फुटेज के आधार पर हमलावर की पहचान की गई और उसे पनवेल से ढूंढकर दबोच लिया गया।' उन्होंने कहा कि अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार अभी बरामद होना बाकी है और सुवर्णा से पूछताछ जारी है।

अधिकारी के मुताबिक, सुवर्णा हत्या के बाद अपने घर (मीरा रोड) गया था और उसने अपने पिता को बताया था कि लोकल ट्रेन में उसकी किसी से कहासुनी हो गई थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार आधी रात के करीब वह गिरफ्तारी के डर से अपने घर से निकल गया था और मुंबई से भागने की फिराक में था।

# अरुणाचल में मूसलाधार बारिश से भूस्खलन और अचानक बाढ़ आई, एक की मौत, चार लापता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*अरुणाचल प्रदेश के केयी पन्योर जिले में बुधवार को मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा में 17 अन्य लोग घायल हुए हैं और कम से कम 18 मकानों को नुकसान पहुंचा है, जबकि भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क टूट गया है और कई यात्री रास्ते में ही फंस गए हैं।*




केयी पन्योर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंगद मेहता ने बताया कि विनाशकारी बाढ़ के बाद चलाए गए तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान याज़ाली में नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) परिसर स्थित विवेकानंद केंद्र विद्यालय (वीकेवी) की शिक्षिका निर्मला गुप्ता (35) का शव बरामद कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि रात होने के कारण बुधवार का बचाव अभियान रोक दिया गया है, जिसे बृहस्पतिवार सुबह दोबारा शुरू किया जाएगा राज्य आपदा प्रबंधन सचिव दानी सुलू ने बताया कि गुप्ता उन पांच लोगों में शामिल थीं, जो याज़ाली सर्कल के तहत पूसा के पास 'नीपको' परियोजना कॉलोनी से लापता हो गए थे। उन्होंने बताया कि बाकी लापता लोगों की पहचान एलेश मराक (13), बालारी मराक (30), ताओ अंजीना (46) और सौरभ कुमार के रूप में हुई है।

सुलू ने बताया कि 17 घायलों में से तीन की हालत बेहद गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोअर सुबनसिरी जिले के 'ज़िरो' ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार ढह गई, जिससे कॉलोनी और आसपास के निचले आवासीय क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पानी भर गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कम से कम 18 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों ने याज़ाली जलाशय से बिशु सिन्हा नामक व्यक्ति को सुरक्षित निकाला, जबकि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक वैज्ञानिक को इस आपदा से प्रभावित राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के एक हिस्से से बचाया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने संबंधित अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी), पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और क्षेत्राधिकारी को नुकसान का आकलन करने और बचाव कार्यों में समन्वय स्थापित करने के लिए तत्काल प्रभावित स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, 'राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक टीम को तैनात कर दिया गया है, जबकि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को सतर्क कर दिया गया है और उसकी टीम राहत एवं बचाव कार्यों में सहायता के लिए प्रभावित क्षेत्र की ओर रवाना हो चुकी है।'

सुलू ने बताया कि भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर ने पीटापूल के पास एसडीआरएफके जवानों और रबर की एक नाव को उतारा है। इसके साथ ही याज़ाली क्षेत्र में उपलब्ध सभी रिजर्व कर्मियों और वाहनों को काम पर लगा दिया गया है, जबकि आपातकालीन अभियानों में सहायता के लिए पूर्व सैनिकों को भी बुलाया गया है।

सुलू ने बताया कि राज्य के नागरिक उड्डयन विभाग ने भारतीय वायुसेना से बचाव अभियान चलाने और ईटानगर से केयी पन्योर तक एसडीआरएफ के जवानों एवं सामग्रियों को हवाई मार्ग से पहुंचाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, 'वायुसेना की हवाई सहायता टीम, खराब मौसम की स्थिति के बावजूद होलोंगी पहुंची और वहां से एसडीआरएफ की टीम तथा सामग्रियों को छोड़ने के लिए पीटापूल की ओर उड़ान भरी।

आगे की आवश्यकताओं को देखते हुए इस तरह के अन्य हवाई सहायता अभियानों की भी योजना बनाई गई है।' सचिव ने बताया कि एहतियात के तौर पर नीपको ने पन्योर लोअर पनबिजली परियोजना के जलाशय से पानी छोड़ना शुरू कर दिया है और इस परियोजना में बिजली उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण जिले में सड़क संपक भी बाधित हुआ है, जहां पोतिन और होज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के तीन हिस्से भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गए हैं,

जिससे कई लोग रास्ते में फंस गए हैं। केयी पन्योर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंगद मेहता ने एक बयान में बताया कि भारी बारिश के कारण मानसून जनित व्यवधानों की वजह से केयी पन्योर, क्रा दादी, कुरुंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, कामले और अपर सुबनसिरी सहित कम से कम छह जिलों का संपर्क टूट गया है।

# जयपुर में एक होटल के कमरे में एक व्यक्ति का शव मिला..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*जयपुर के नारायण विहार थाना इलाके में एक होटल के कमरे में मंगलवार देर रात एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम घटनास्थल पर पहुंची।*

अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान वैशाली नगर के नित्यानंद नगर के निवासी गुरु प्रसाद चौधरी (38) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक के बड़े भाई गुरु चरण ने उसके दोस्तों के खिलाफहत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार भाई ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे चौधरी दोस्तों से मिलने जाने की बात कहकर घर से निकला था, इसके बाद वह घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल बंद हो गया। उन्होंने कहा कि पहले भी वह बिना बताए दो-तीन दिन तक दोस्तों के साथ चला जाता था, इसलिए परिवार ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। गुरुचरण ने बताया मंगलवार और बुधवार की देर रात करीब तीन बजे पुलिस ने परिवार को सूचना दी कि चौधरी होटल के कमरे में बेसुध अवस्था में पड़ा है। उन्होंने कहा कि परिजन होटल पहुंचे तो उसका शव मिला, जिसपर चोट के निशान थे। गुरुचरण ने कहा कि बिस्तर पर खून के धब्बे भी दिखाई दिए। पुलिस ने जयपुरिया अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन के हवाले कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।

# नरेला में व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

## भाई घायल; दो नाबालिग समेत तीन आरोपी पकड़े गए..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में झगड़े के बाद 22 वर्षीय व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि घटना का मुख्य आरोपी भी झड़प में घायल भी हुआ है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि हमले में कथित रूप से शामिल दो किशोरों को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब 1.33 बजे सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल से तीन युवकों के चाकू लगने से घायल होने के कारण भर्ती होने की सूचना मिली। पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान मुस्तकीम के रूप में हुई, जबकि घायल की पहचान उसके भाई साहिल और आरोपी का नाम दिलीप है। जांचकर्ताओं के अनुसार, उत्तम नगर निवासी मुस्तकीम और साहिल मजदूरी करते थे और अपने परिवार के सदस्यों से मिलने नरेला आए थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि रात करीब एक बजे दिलीप और साहिल के बीच झगड़ हो गया, जिसमें दोनों को चोटें आईं। पुलिस ने कहा कि साहिल और मुस्तकीम फिर नरेला के पॉकेट-4 स्थित अपने परिवार के घर लौट आए। थोड़ी देर बाद दिलीप कथित तौर पर दो किशोर साथियों और एक अन्य सहयोगी के साथ चाकुओं से लैस होकर वहां पहुंचा और दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। मुस्तकीम को चाकू लगने से गंभीर रूप से घयाल हो गया और अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया, जबकि साहिल को बाद में इलाज के लिए लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कानपुर में संपत्ति के विवाद के चलते पिता ने की बेटे की गोली मारकर हत्या की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*कानपुर से सटे फतेहपुर जिले में बुधवार को संपत्ति के झगड़े और पारिवारिक मसलों को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने अपने बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यहां बताया कि फतेहपुर के बिंदकी थाना क्षेत्र में स्थित सीतापुर गांव में राम खेलावन (70) नामक व्यक्ति ने बुधवार सुबह अपने बेटे अवनीश वर्मा (36) को लाइसेंसशुदा हथियार से गोली मार दी।*

पुलिस ने बताया कि अवनीश को कानपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अवनीश को बचाने की कोशिश करने पर राम खेलावन ने उसकी पत्नी मनीषा (26) को भी गोली मार दी, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि खेती तथा कुछ अन्य मामलों को लेकर परिवार में पिछले कुछ समय से तनाव था और मंगलवार सुबह मनीषा की अपनी सास से इसी बात को लेकर बहस हुई थी। पुलिस ने कहा कि विवाद बढ़ने पर अवनीश ने स्थिति को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया तो उसका अपने पिता से झगड़ा हो गया। पुलिस ने बताया कि तैश में आये पिता ने लाइसेंसी हथियार से वारदात को अंजाम दे दिया। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार करके वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# मुनोज़ के गोल से कोलंबिया ने कांगो को हराकर नॉकआउट में जगह बनाई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***डैनियल मुनोज़ ने कांगो की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागा जिससे कोलंबिया ने एक रोमांचक मुकाबले में 1-0 की जीत के साथ विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया।***



कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार प्रदर्शन करके कोलंबिया को अधिकतर समय गोल से वंचित रखा था लेकिन आखिर में मुनोज ने 76वें मिनट में गोल कर दिया जो निर्णायक साबित हुआ। म्पासी ने पहले 20 मिनट में पांच मुश्किल बचाव किए थे।

डिफेंडर से टकराकर गेंद मुनोज़ के पास पहुंची थी जिनके बाएं पैर से लगाए गए शॉट को रोकने का म्पासी के पास कोई मौका नहीं था। मुनोज़ ने कहा, 'हमने आक्रामक खेल दिखाया और अपनी पूरी ताकत झोंक दी। हमने अपने प्रशंसकों के लिए यह तीन अंक हासिल किए हैं। इस जीत से हमारा मनोबल बढ़ा है। लेकिन हम इससे संतुष्ट नहीं होना चाहते।'

कांगो ने स्टॉपेज टाइम में दो बार बराबरी करने का मौका गंवाया। कोलंबिया के गोलकीपर कामिलो वर्गास ने नथानेल म्बुकु के लंबी दूरी से लगाए गए शॉट को शानदार तरीके से बचाया और फिर कॉर्नर किक पर चांसल म्बेम्बा के हेडर को भी नाकाम किया।

कोलंबिया के कोच नेस्टर लोरेंजो ने कहा, 'हम और गोल कर सकते थे, लेकिन कांगो ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन मुझे लगता है कि हम जीत के हकदार थे।' कोलंबिया के स्टार फॉरवर्ड लुइस डियाज़ के दूसरे हाफके अंत में लगातार दो गोल रद्द कर दिए गए। पहला 79वें मिनट में फाउल के जबकि दूसरा 80वें मिनट में ऑफ साइड के कारण अमान्य घोषित किया गया।

कांगो ने 52 साल बाद अपने पहले विश्व कप की शुरुआत क्रिस्टियानो रोनाल्डो और पुर्तगाल के खिलाफ 1-1 के ड्रॉ के साथ की थी। कोलंबिया के ग्रुप के में दो मैचों में छह अंक हो गए हैं, जो पुर्तगाल से दो अंक और कांगो से पांच अंक अधिक है। इससे पहले मंगलवार को ह्यूस्टन में खेले गए मैच में पुर्तगाल ने रोनाल्डो के दो गोल की बदौलत उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराया था।

कोलंबिया को ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए शनिवार को पुर्तगाल के खिलाफ मैच ड्रॉ करने की जरूरत होगी। यह नतीजा पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में पहुंचाने के लिए भी काफी होगा। कोलंबिया विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर है, जो दक्षिण अमेरिकी टीमों में ब्राजील और अर्जेंटीना के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान है। उसने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया था।

# किसके जैसा दिखता है कैटरीना कैफ और विक्की कौशल का बेटा विहान, दादा शाम कौशल ने किया खुलासा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड के सबसे चहेते कपल्स में शुमार हैं। दोनों की जोड़ी को लोग काफी पसंद करते हैं, अब हाल में ही दोनों मम्मी-पापा बने हैं।***



बेटे विहान के जन्म के बाद से ही दोनों अपने पेरेंटहुड को काफी एंजॉय कर रहे हैं। फिलहाल दोनों ने अभी अपने बेटे को लाइमलाइट और मीडिया की चकाचौंध से बिल्कुल दूर रखा है, यहां तक कि बेटे के चेहरे की झलक भी अपने फैंस के साथ साझा नहीं की है, लेकिन कई मौके ऐसे रहे हैं, जब विक्की कौशल ने अपने पापा बनने की खुशी सार्वजनिक मंचों पर साझा की। एक्टर के पिता शाम कौशल भी अक्सर अपने पोते को लेकर खुशी जाहिर करते रहते हैं। अब हाल ही में उन्होंने पोते विहान को लेकर बातें कीं और बताया कि वो किसके जैसा दिखता, अपनी मां कैटरीना कैफ जैसा या फिर अपने पापा विक्की कौशल जैसा।

## किसके जैसा दिखता है विहान कौशल?

इंडिया टुडे के साथ बात करते हुए दिग्गज एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल ने कहा कि उनका पोता विहान बेटे विक्की कौशल जैसा दिखता है। उन्होंने बताया दादा बनने की खुशी उनके लिए बिल्कुल अलग है और इस खुशी ने उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल दी है। बातचीत को आगे ले जाते हुए उन्होंने कहा, 'उसने मेरी जिंदगी बदल दी है। जब भी मैं काम में बिजी होता हूं और उसे गले नहीं लगा पाती तो मैं उससे वीडियो कॉल पर बात कर लेती हूं। वह बहुत प्यारा है। मैं जितना हो सके भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं।' जब उनसे पूछा गया कि विहान विक्की जैसा दिखता है या कैटरीना जैसा तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वह विक्की जैसा दिखता है।' शाम कौशल ने ये भी बताया कि बचपन में विक्की कौशल जरा भी शरारती नहीं थे। उन्होंने कहा, 'नहीं, विक्की शरारती नहीं था। वह बहुत समझदार बच्चा था। वह अच्छा था।'

## काम से नहीं होना चाहते रिटायर..

अपने परिवार के बारे में बात करते हुए शाम ने कहा कि वह अक्सर अपने बच्चों और आज अपने परिवार के लिए शुक्रगुजार महसूस करते हैं। वो कहते हैं, 'दुनिया में बहुत से माता-पिता हैं जिन्हें अपने बच्चों से खुशी मिलती है। मैं भी उनमें से एक हूं। मैंने कभी इन सब की कल्पना नहीं की थी। मुझे दो बहुत अच्छे बच्चे मिले हैं और मेरी बहू भी बहुत अच्छी है। मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं।' शाम ने यह भी कहा कि रिटायरमेंट उनके दिमाग में नहीं है, वो कहते हैं, 'वे मुझसे काम बंद करने के लिए कहते रहते हैं। लेकिन अगर मैं काम नहीं करूंगा तो क्या करूंगा? मैं नौ साल की उम्र से काम कर रहा हूं। चाय और नाश्ते के बाद मैं क्या करूंगा? पहले मैं असुरक्षा की भावना के साथ काम करता था। मुझे अपने परिवार और बच्चों की देखभाल करनी होती थी। अब मैं सुरक्षित स्थिति में हूं। मुझे पैसे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं अच्छे लोगों के साथ काम कर रहा हूं और मुझे इसमें ज्यादा मजा आ रहा है।'

## विहान की पैपराजी से मुलाकात..

इस साल की शुरुआत में विक्की और कैटरीना ने मुंबई से बाहर जाते हुए अपने बेटे विहान की मुलाकात पैपराजी से कराई थी। दोनों एक साथ एयरपोर्ट पर नजर आए थे। फोटोग्राफर्स ने विक्की कौशल की तस्वीरें ली, जबकि कैटरीना ने उसने अपनी तस्वीर न लेने की गुजारिश की क्योंकि वो बच्चे को गोद में ली हुई थीं।

# रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

## उज्बेकिस्तान के खिलाफ गोल दागकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फीफा वर्ल्ड कप में पुर्तगाल की टीम वापसी करने की कोशिश में हैं। आज पुर्तगाल की टीम का सामना उज्बेकिस्तान से हो रहा है। इस मुकाबले में रोनाल्डो ने शुरुआती मिनटों में ही पुर्तगाल को बढ़त दिला दी है।***



रोनाल्डो ने छठे मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोनाल्डो ने जोआओ कांसेलो के पास मौके को पूरी तरह भुनाया और गोल दागा। रोनाल्डो का फीफा वर्ल्ड कप में यह 10वां गोल था। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए यह एक ऐतिहासिक गोल है, इसके साथ ही उन्होंने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह छह वर्ल्ड कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

## पुर्तगाल के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने रोनाल्डो..

इस गोल के साथ ही रोनाल्डो फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में पुर्तगाल की ओर से सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने युसेबियो की बराबरी की है। युसेबियो ने साल 1966 के वर्ल्ड कप में कुल 9 गोल किए थे। वहीं, रोनाल्डो ने अबतक 10 गोल पुर्तगाल के लिए किए हैं। इस मामले में उन्होंने युसेबियो को पीछे छोड़ दिया है। रोनाल्डो ने यह गोल 2006 से 2026 वर्ल्ड कप के दौरान किए हैं।

## पहले हाफ में रोनाल्डो ने दागे दो गोल..

पुर्तगाल और उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे मैच में रोनाल्डो ने मैच के छठे मिनट में पहला गोल दागा और फिर 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके विरोधियों को करारा जवाब दिया। रोनाल्डो के इस शानदार खेल और नूनो मेंडेस के एक गोल की बदौलत पुर्तगाल की टीम ने मैच के हाफ-टाइम तक उज्बेकिस्तान पर 3-0 की बेहद मजबूत बढ़त बना ली। अब पुर्तगाल की टीम इसी दबदबे को दूसरे हाफ में भी बरकरार रखना चाहेगी।

## टूर्नामेंट के पहले मैच में रोनाल्डो नहीं कर पाए थे एक भी गोल..

पुर्तगाल की टीम ने अपने पहले मैच में कांगो के खिलाफ 1-1 से मैच ड्रॉ खेला था, जिसके बाद टीम काफी दबाव में आ गई थी। उस मैच में अच्छा खेल न दिखाने की वजह से क्रिस्टियानो रोनाल्डो को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। कुछ लोगों का तो यह भी कहना था कि रोनाल्डो की वजह से ही टीम पहला मैच नहीं जीत सकी। लेकिन रोनाल्डो ने वर्ल्ड कप जैसे बड़े मुकाबले में एक बार फिर शानदार गोल करके अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

# 'बस एक सच बोल देती', केतन मर्डर केस पर फूटा हिना खान का दर्द, बोलीं- जान लेने की क्या जरूरत थी?..

डेस्क जगप्रेरणा।

***लोनावला के पास लोहगढ़ किले में हुआ हत्या कांड सुर्खियों में हैं। केतन नाम के शख्स की हत्या का आरोप उसकी मंगेतर पर ही लगा है। पहले इस केस को सिर्फ एक हादसा माना जा रहा था, लेकिन आखिर में इस केस ने हत्या का मोड़ ले लिया।***



पुलिस का दावा है कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी। पुणे के एक बड़े रियल एस्टेट कारोबारी के 25 वर्षीय वारिस केतन विशाल अग्रवाल की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मशहूर टीवी और फिल्म अभिनेत्री हिना खान ने भी इस मर्डर केस पर बेहद भावुक और तीखी प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने इस केस से काफी परेशान हैं और उन्होंने अफसोस जाहिर किया है।

## हिना खान का पोस्ट..

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दुख जताते हुए हिना ने लिखा, 'आज के समय में सच सुनना और सच कहना इतना मुश्किल हो गया है कि लोग किसी की जान लेने को भी तैयार हैं.. ऐसा लगता है कि सच को स्वीकार करने से ज्यादा आसान किसी की जान लेना हो गया है।' उन्होंने आगे लिखा, 'तुम उसे छोड़ सकती थी, बस एक सच बोलकर और अपनी जिंदगी किसी भी **XYZ** के साथ जी सकती थी।

आखिर क्यों? अफसोस। **#Ketanmurdercase**।' हिना खान का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## तस्वीर खींचते वक्त पैर फिसलने का मंगेतर ने पहले किया दावा..

चौंकाने वाली बात यह है कि 18 जून को किले से नीचे धकेले जाने से कुछ ही दिन पहले भी केतन पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें वह बाल-बाल बचा था। इस मामले में पुलिस ने केतन की मंगेतर और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुणे के गहुंजे स्थित लोढ़ा बेलमोंडो के रहने वाले केतन, अपनी पारिवारिक रियल एस्टेट कंपनी सक्सेस ग्रुप के डायरेक्टर थे। 18 जून को वह अपनी मंगेतर सिया गोयल का जन्मदिन मनाने के लिए उसके साथ लोहगढ़ किला गए थे। वहां से गिरने के बाद सिया ने शुरुआत में पुलिस को कहानी सुनाई थी कि तस्वीरें खींचने के दौरान केतन का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गए।

## पहले भी मंगेतर दे चुकी थी धक्का..


शुरुआत में पुलिस ने भी इसे एक हादसा मानकर केस दर्ज किया था, लेकिन मंगलवार को जब पुलिस ने सिया और उसके दोस्त चेतन चौधरी को गिरफ्तार किया तो पूरी कहानी पलट गई। केतन के परिवार ने बताया कि सिया पर कभी कोई शक नहीं था, लेकिन शादी से ठीक पहले उसने कुछ अजीब हरकतें की थीं।

कुछ दिन पहले भी लोहगढ़ ट्रेक के दौरान ही सिया ने केतन को धक्का दिया था, जिसे बाद में उसने यह कहकर छुपा लिया कि वह केतन को एक सांप से बचा रही थी।

# दिग्गज क्रिकेटर का 94वें बर्थडे पर निधन, मैच के बीच मंगेतर की मौत की खबर के बाद भी मैदान पर उतरे थे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज बॉब ब्लेयर का इंग्लैंड में निधन हो गया। अपने 94वें जन्मदिन पर दुनिया को अलविदा कहने वाले ब्लेयर सिर्फ एक क्रिकेटर नहीं थे, बल्कि साहस, संघर्ष और खेल भावना की मिसाल थे।***



न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ब्लेयर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनकी याद में इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड की टीम काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरेगी। 1952 से 1964 के बीच न्यूजीलैंड के लिए 19 टेस्ट मैच खेलने वाले ब्लेयर ने 43 विकेट अपने नाम किए।

घरेलू क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड और भी शानदार रहा, जहां उन्होंने 59 फर्स्ट क्लास मैचों में 330 विकेट चटकाए। 1956-57 का सीजन उनके करियर का सबसे यादगार रहा, जब उन्होंने महज 9 की औसत से 46 विकेट हासिल किए और दो बार एक पारी में 9 विकेट लेने का कारनामा किया।

## एक हादसे ने बदल दी जिंदगी..

ब्लेयर को क्रिकेट इतिहास में सिर्फ उनके प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि 1953 के साउथ अफ्रीका दौरे पर दिखाए गए अद्भुत साहस के लिए याद किया जाता है। एलिस पार्क में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा था। उसी दौरान 21 साल के ब्लेयर को मैच के दूसरे दिन सुबह यह दुखद खबर मिली कि उनकी मंगेतर नेरिसा लव क्रिसमस ईव पर हुए टांगीवाई रेल हादसे का शिकार हो गई हैं। इस दुर्घटना में कुल 151 लोगों की मौत हुई थी। अपनी निजी जिंदगी के सबसे कठिन पलों में ब्लेयर टीम होटल में शोक मना रहे थे, लेकिन जब न्यूजीलैंड की टीम मुश्किल में थी और आखिरी विकेट बाकी था, तब उन्होंने मैदान पर लौटने का फैसला किया।

## जब पूरा स्टेडियम हो गया भावुक..

एलिस पार्क में मौजूद 23 हजार दर्शक उस समय स्तब्ध रह गए जब ब्लेयर बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे। दूसरे छोर पर बर्ट सटक्लिफ थे, जो गेंद लगने के कारण अस्पताल जाकर वापस लौटे थे। दोनों खिलाड़ियों ने आखिरी विकेट के लिए 33 रन जोड़े।

इस साझेदारी में एक ओवर में वर्ल्ड रिकॉर्ड 25 रन भी बने। जब ब्लेयर आउट होकर मैदान से लौटे तो उनके सम्मान में पूरा स्टेडियम खड़ा हो गया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया गया। यह पल आज भी क्रिकेट इतिहास के सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षणों में गिना जाता है।

## ब्लेयर की याद में बनी टांगीवाई शील्ड..

ब्लेयर और टांगीवाई रेल हादसे की कहानी ने न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका क्रिकेट को इतना प्रभावित किया कि 2024 में दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज के लिए टांगीवाई शील्ड की शुरुआत की गई। यह ट्रॉफी न्यूजीलैंड की पारंपरिक लकड़ी और टांगीवाई क्षेत्र में मिलने वाले खास पत्थर से तैयार की गई थी। ब्लेयर उस ऐतिहासिक टेस्ट मैच के आखिरी जीवित न्यूजीलैंड खिलाड़ी थे। 1953 के दौरे के बाद भी ब्लेयर ने करीब एक दशक तक न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट 1964 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला, जिसमें 7 विकेट लेकर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। क्रिकेट के प्रति उनका प्रेम कभी कम नहीं हुआ। उन्होंने 60 साल की उम्र के बाद भी क्रिकेट खेलना जारी रखा और 40 से अधिक सीजन तक मैदान से जुड़े रहे। खेल से संन्यास लेने के बाद उन्होंने इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे, नॉर्दर्न आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में कोचिंग भी दी।

# स्टेज 4 कैंसर से जंग, सर्जरी और कीमोथेरेपी के बीच नफीसा अली ने किया कमाल, 11000 फीट की ऊंचाई पर की ट्रेकिंग, दिखाई झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मशहूर अभिनेत्री नफीसा अली सोढ़ी इन दिनों स्टेज 4 पेरिटोनियल और ओवेरियन कैंसर से जूझ रही हैं। कई साल पहले एक्ट्रेस को कैंसर हुआ था, जिससे वो क्योर हो गई थीं, सालों बाद उन्हें दोबारा इस बीमारी ने घेर लिया।***



इस कड़े संघर्ष के बीच उन्होंने हाल ही में रोहतांग दर्रे के पास 11000 फीट की ऊंचाई पर ट्रेकिंग करके एक शानदार व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की है। 69 वर्षीय अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इस खास एडवेंचर की झलकियां साझा की हैं।

उन्होंने माना कि सर्जरी और लगातार चल रही कीमोथेरेपी के दर्द के बाद प्रकृति के बीच बिताए इस समय ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से बिल्कुल नया महसूस कराया है।

## मुश्किल रास्तों पर मिला परिवार का साथ..

नफीसा अली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ इस एडवेंचर का आनंद लेती दिख रही हैं। वीडियो में उनके दामाद आदिल और पोते आमिर पथरीले और चट्टानी रास्तों पर उन्हें सहारा देकर आगे बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि अटल टनल पार करने के बाद उन्होंने 11000 फीट की ऊंचाई पर स्थित सिसू नाम की जगह पर परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक लंच का लुत्फ उठाया। इस मुश्किल चढ़ाई को पूरा करने के बाद जब वह सुरक्षित अपनी कार तक पहुंचीं तो उनकी खुशी देखने लायक थी। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी इस पॉजिटिविटी और जिंदगी जीने के जज्बे की जमकर तारीफकर रहे हैं।

## कैंसर के साथ नफीसा का लंबा संघर्ष..

नफीसा अली का कैंसर के साथ सफर लंबा और चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्हें पहली बार नवंबर 2018 में स्टेज 3 पेरिटोनियल और ओवेरियन कैंसर का पता चला था। कड़े इलाज के बाद साल 2019 में उन्हें 'कैंसर-मुक्त' घोषित कर दिया गया था। हालांकि पिछले साल अक्टूबर में उन्होंने खुद इंस्टाग्राम पर फैंस को अपडेट दिया कि उनका कैंसर वापस आ गया है और अब यह स्टेज 4 तक बढ़ चुका है। इसके बाद उन्होंने दोबारा कीमोथेरेपी शुरू की। इलाज के दौरान साल 2020 में उन्हें ल्यूकोडर्मा की समस्या भी हो गई थी, लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। वह लगातार सोशल मीडिया के जरिए अपनी हेल्थ अपडेट फैंस के साथ साझा कर दूसरों को प्रेरित कर रही हैं।

## आखिरी बार अमिताभ बच्चन संग आईं नजर..

काम की बात करें तो नफीसा अली को आखिरी बार साल 2022 में आई सूरज बड़जात्या की सुपरहिट फिल्म 'ऊंचाई' में देखा गया था, जिसमें उनके साथ अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और बोमन ईरानी जैसे दिग्गज कलाकार थे। रील लाइफकी तरह रियल लाइफ में भी नफीसा 'ऊंचाई' के संदेश को जी रही हैं।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



# साहित्य अभिव्यक्ति





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## नैतिकता खोती जा रही है.. समाज किस दिशा में जा रहा है?

### लोहगढ़ की घटना : सिर्फएक हत्या नहीं, इंसानियत की हत्या



लोहगढ़ किले पर घटी घटना केवल एक हत्या नहीं है, बल्कि समाज के नैतिक पतन का भयावह प्रतिबिंब है। केतन अग्रवाल को उसकी मंगेतर सिया गोयल ने चेतन चौधरी की मदद से किले की खाई में धकेलकर मार डाला। इस घटना में प्रेम, रिश्ते और विश्वास–तीनों की निर्मम हत्या हुई है।

### लगातार सामने आती घटनाएँ : खतरे की चेतावनी

इससे पहले मेघालय में सोनमङ्कराजा की शादी के बाद घटी घटना अभी समाज की स्मृति में ताज़ा ही थी कि ऐसी घटनाएँ बार-बार सामने आने लगी हैं। प्रेम, विवाह या रिश्तों के मतभेद इस हद तक पहुँच रहे हैं कि सामने वाले की जान लेना ही समाधान मान लिया जाता है। यह केवल आपराधिक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि समाज के अंतःकरण पर पड़ा एक गहरा घाव है।

### ऐसा क्यों हो रहा है?

आज का समाज अत्यधिक तेजी से भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर दौड़ रहा है। असीम धन, विलासिता, और स्वतंत्रता के नाम पर स्वैराचार ने भावनात्मक प्रेम, संयम और जिम्मेदारी को पीछे धकेल दिया है।

प्रेम का अर्थ–समझना, स्वीकार करना और त्याग करना–भुलाया जा रहा है। ÷अगर मेरी इच्छा पूरी नहीं हुई, तो सामने वाले को खत्म कर दो÷ जैसी विकृत मानसिकता पनप रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

### नैतिक शिक्षा की कमी

इन सबके पीछे सबसे बड़ी कमी नैतिक शिक्षा की है। स्कूल, कॉलेज, परिवार और समाज–कहीं भी मूल्यों की ठोस नींव दिखाई नहीं देती। सफलता, पैसा और प्रतिस्पर्धा सिखाई जाती है; लेकिन इंसानियत, सहानुभूति, संयम और जीवन-मूल्य उपेक्षित रह जाते हैं।

### क्या कानून का डर कम हो गया है?

आज कई लोगों को लगता है कि अपराध करके भी बचा जा सकता है। कानून का भय मन से खत्म होता दिख रहा है। मुकदमे वर्षों चलते हैं, सज़ा देर से मिलती है, जिससे अपराध पर अंकुश नहीं लगता। कानून सख्त होना चाहिए, पर उतना ही जरूरी है कि वह तेज, निश्चित और प्रभावी भी हो। ÷अपराध किया तो सज़ा तय है÷–यह संदेश समाज में स्पष्ट रूप से पहुँचना चाहिए।

### असल समाधान : नैतिक शिक्षा

कानून का डर अपराध रोक सकता है, लेकिन अपराधी मानसिकता को खत्म करने के लिए नैतिक शिक्षा अनिवार्य है। बचपन से ही बच्चों में मूल्यों के बीज बोने होंगे।

प्रेम मालिकाना हक नहीं है, रिश्ते कोई सौदे नहीं हैं, और असफलता विनाश नहीं–यह सिखाना आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

### आत्ममंथन का समय

आज समाज को आत्ममंथन करना होगा। क्या हम सिर्फसुविधाएँ बना रहे हैं या संस्कार भी दे रहे हैं? क्या हम बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रहे हैं, या सहानुभूति भी?

### अंतिम सवाल..

यदि प्रेम के नाम पर हत्याएँ हों, रिश्तों के नाम पर विश्वासघात हो, तो हम किस दिशा में जा रहे हैं? इंसान ज़िंदा है, लेकिन इंसानियत दम तोड़ती जा रही है।

समय रहते नहीं संभले, तो कल हर रिश्ते पर शक की छाया होगी।

कानून का डर और नैतिक शिक्षा–दोनों साथ आएँ, तभी समाज फिर से इंसानियत की ओर लौट सकेगा।

लेखक



मुकेश अग्रवाल, तिरोडा, मो. 9326880380

## 'कब होगी बारिश..?'

वह पूछ रहे थे..
कब होगी बारिश इसका कुछ अंदेशा है ?
हमने कहा.. कुछ नहीं ये सब
प्रकृति की बर्बादी का संदेशा है

कटते जंगल और
प्रदूषित वातावरण का खेल है
ये कुछ और नहीं
हमारे-तुम्हारे कर्मों का मेल है

यदि ऐसे ही प्रदूषण फैलाकर
जंगल काटते जाओगे
तो कहां से समय पर
सुख की बारिश पाओगे.!

वक्त रहते समझ जाओ
जंगल बचाने की गुजारिश को
रहेंगे धरती पर घने जंगल
तभी समय पर पाओगे बारिश को

बारिश के होने से ही
चारों तरफहरियाली है
हो जाए समय पर बारिश तो ही
इंसान के जीवन में खुशहाली है

यदि हम चाहते हैं कि
हमारे जीवन में मंगल रहे
तो करो संकल्प
सुरक्षित हमेशा जंगल रहे!

अकील सैय्यद -सालेकसा
जि. गोंदिया -9881599572

## 'अन्तर्मन के उद्गार'

संवेदन की कृत्रिमता, हुआ बनावटी संसार।
विषमताजन्य परिवेश में, कैसे प्रकट हों उद्गार।
अंतरिक्ष में कदम हैं, प्रगतिपथ की ओर।
अपनेपन की कमी से, हुई निराशा घोर।
मित्रता दूभर हुई, बढ़ा मैत्री का छद्म।
मित्रता के स्वांग में, मित्र विरोधी कर्म।
जनता के जज्बात से, होता है खिलवाड़।
सियासत की आँच में,
होता तिल का ताड़।
कुर्सी के व्यामोह में, धरती एवं स्वर्ग।
इंद्र भी भयभीत देखकर,
शक्तिवान का दर्प।
बहे बिन्दु प्रस्वेद के,
जिन लोगों के माथ।
मिला प्रतिफल और को,
आया न कुछ हाथ।
कथनी-करनी में जहाँ,
अंतर बढ़ता जाय।
आश्वासनों के दान से,
सारा जग शर्माय।
हटे कृत्रिमता उद्गारों की,
हो स्नेहिल व्यवहार।
'गंगेश्वरी' यह चाहती,
बने समन्वयी संसार।

लेखिका



श्रीमती सुनीता मेश्राम 'गंगेश्वरी' नैनपुर

## अंधेरा रह गया..

अंधेरा रह गया उजाले बिक गये
पर्यावरण के रखवाले बिक गये।

कीमत लगी शासन-प्रशासन की
जमीर बिका,नदी-नाले बिक गये।

रेत नही ये समझो सफेद सोना है
सांठगांठ मे डंफर-ट्राले बिक गये।

बाहरी व्यक्ति कर रहा है उत्खनन
लगता है अपने घरवाले बिक गये।

मायनिंग वाले चल रहे कमीशन पर
रेत के धंधे में सब साले बिक गये।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## चलते–चलते

चलते-चलते रास्तों से मेरे
बचपन का मुकाम दिखा,
शुरू हुई जहाँ से दुनिया,
वो मुक्काम दिखा।

पल ठहरा तो यादों
के झरने में मुस्कुराया,
पूछा जो किसी ने तो कहा –
पुराने बचपन का मकान
दिखा।


बदलना चाहते हैं
सभी बेहतर के लिए,
ठंड में ठिठुरता
हुआ जुकाम दिखा।
बहुत करीब से
चिंता हुई है मेरी,
जब अपनों की आँखों में छिपा
हुआ अरमान दिखा।

दौलत की दौड़ में
सब भागते रहे उम्र भर,
मुझे तो माँ के हाथों का
सुकून भरा आराम दिखा।
लौटकर देखा जब अपने
गाँव की गलियों को,
आंखों में पानी लाने
वाला तूफान दिखा ।

इतनी क्यों
कठोर होती है गरीबी
खोजता रहा वजह
मैं उम्र भर मगर,
कहीं न जवाब दिखा।

शैलेश दिवेवार
नागरा
9764143751


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 202



ck;| l| nk;| |& 1) हमारे राष्ट्रपतिजी के लिए संबोधन 7) अन्धःकार, अज्ञान 10) छोड़कर, के बगैर 12) मुख, बनावट 15) बेटे की पत्नी 17) साम्राज्य, हुकूमत 18) विशेष 20) हमारे दूसरे राष्ट्रपति 21) भाव 22) बुरी आदत 23) डुलना 24) बोलते समय ठीक तरह से शब्द न बोल पाना, अटक अटक कर बोलना 26) महोदय 27) विपत्ति 28) एक ऋतु 33) विलक्षण 34) विक्षिप्त 35) अनजान 36) तनिक 37) पुरानी फिल्मों में कठोर हृदयवाली सास की भूमिका निभाने के लिए एक प्रसिद्ध चरित्र अभिनेत्री 39) मुसलमानोंद्वारा प्रणाम के लिए प्रयुक्त एक शब्द 40) जो खुला न हो 41) एक वायु रोग 42) जोखिमभरा 44) अंतर 46) मनुष्य का शरीर 47) अपना राज 48) अशुद्ध 49) जिस के सिर पर बाल न हो 50) घोर काले रंग के लोगों की एक जाति 51) बगीचा 52) मशीन 53) चुकता 54) कलंकित 56) होली के समय यह गीत गाये जाते है 58) आय, आमदनी 59) गुजरात राज्य का एक प्रमुख शहर 60) महीना 61) वजह 62) कृतज्ञ 64) ठहर, वास कर 67) परंतु 68) मशहूर 70) एक रत्न 71) प्रयोग 73) एक किस्म की सुगंधित तंबाखू 74) ईख 75) ध्वंस 77) नगर की रक्षा करनेवाला 80) हैदराबाद के एक प्रसिद्ध म्युजियम का नाम 82) हार 83) नया डंठल या नया पत्ता 85) परत 86) सफेद सुगंधित फुलोंवाली एक लता जो वृक्षों पर फैलती है 88) पानी का ऊपर से टप टप गिरनेवाला अंश 89) आघात 90) पूर्णिमा की रात 92) घमंड 94) मुलायम 96) मंडल 98) अनावश्यक 99) वचन 101) पश्चिम बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुल नाम 103) जंगल का राजा 105) मन को हरनेवाला 108) मां की मां 110) राज्य या देश की सीमा 111) बार – बार होनेवाला, आवर्तक, डाकघर या बैंको का एक खाता 112) जनक कन्या 113) बार 114) रिश्ता

Åij l| uhps |& 1) हाथ से दबाते हुये रगड़ना 2) दशा 3) विचार 4) घोड़ेका आवाज करना 5) अर्थ 6) मित्र 8) विचारणीय विषय, समस्या 9) सत्यानाश, तबाही 10) मार्जार 11) अप्रसन्न 12) आकर्षित 13) वसुदेव – देवकी के पुत्र 14) तृण 15) कुदृष्टि 16) स्वर्ग की अप्सरा 19) परिवार सहित 25) शायद 26) उत्तरदायी 27) एक आदरवाची मध्यम पुरुष सर्वनाम 29) किसी संस्था के पच्चीस वर्ष पुरे होने पर मनाई जानेवाली जयंती 30) किसी दीवार के फटने पर पड़नेवाली लकीर 31) एक साग भाजी 32) एक फल 33) निस्तब्ध, मौन, चकित 34) दर्शन, साक्षात्कार 35) उलट पुलट, हेर फेर, अदला बदली 38) तहदार 39) अतिशीघ्र, झटपट 42) असली, सच्चा 43) स्त्री 45) बिताना 47) नाटक में स्वयं से की जानेवाली बात 48) हनुमानजी का शस्त्र 49) मैला 50) आक्रमणकर्ता 51) गीतों की वह किस्म जिसमें वियोगी या वियोगिनी की दशा का अलग अलग बारह महीनो का वर्णन होता है 53) गुजरात राज्य का एक और प्रमुख शहर 55) गिनती 57) शोकाकुन 58) पीड़ा या ग्लानि सूचक ध्वनि, कराहने की आवाज 59) सूर्य 61) प्रभावी 63) पितृपक्ष 65) फूलों के बीच के महीन तन्तु, केसर 66) सतर्क, सावधान 69) पुरानी फिल्म 'पाकीजा' की हिरोइन 71) आशंका, ग्रहण, लेना 72) क्षेत्र, जमींदारी, रियासत 76) बाण 78) वास करना 79) माफी 81) वन 83) भीतरी 84) कैद 87) तट पर रहनेवाला, पड़ोसी 89) सज्जित होना, सजाया जाना 91) डरपोक 93) जिस समय 95) चालीस सेर का पुराना तौल 96) भार, तौल 97) मृत्यु देवता 98) लाज, स्वाभिमान (उर्दू) 100) जलन 102) तोता 104) नृप 106) आर्द्र 107) प्रत्येक 109) जनक, बाप (जबाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आयातकों की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली से अधिकांश तेल - तिलहन के दाम टूटे..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयातकों द्वारा आयात की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली करने के कारण बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित होने की वजह से बुधवार को सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल जैसे अधिकांश***

तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट रही। सूरजमुखी तेल से सस्ता होने तथा बिनौला तेल की कम उपलब्धता के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार रहा। कम उपलब्धता के बीच मांग होने की वजह से बिनौलातेल के दाम स्थिर रहे।

मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में गिरावट है। बाजार सूत्रों ने कहा कि आयातक अब भी लागत से लगभग तीन प्रतिशत नीचे दाम पर सोयाबीन एवं पामोलीन तेल बेच रहे हैं। इस कम दाम पर बिकवाली के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट रही। ऊंचे भाव पर लिवाली कमजोर रहने के कारण सरसों तेल-तिलहन में भी गिरावट है।

उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार कच्चे तेल के साथ-साथ खाद्य तेलों के आयात के लिए खर्च होने वाले विदेशी मुद्रा की बचत करने की अपनी मंशा को जाहिर करती है, वहीं लंबे समय से आयातकों द्वारा पैसों की तंगी से निपटने और बैंकों में अपना ऋण साखपत्र चलाते रहने के लिए लागत से नीचे दाम पर बिकवाली जारी रखने पर रोक लगाने की कोई कोशिश भी नजर नहीं आती। इस ओर सरकार को सचेत होने की जरूरत है। इस लागत से नीचे दाम पर बिकवाली से आम बाजार धारणा भी प्रभावित होती है।

मांग होने तथा उपलब्धता लगभग नगण्य होने की स्थितियों के बीच बिनौला तेल के दाम स्थिर बने रहे।

सूत्रों ने कहा कि मूंगफली का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे है। सूरजमुखी तेल के मुकाबले मूंगफली सस्ता है। सस्ता होने से मूंगफली तेल की मांग है और यह बिनौला तेल की कमी को भी पूरा कर रहा है। इस ओर सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिये। एक वक्त देश में सूरजमुखी का लगभग पर्याप्त उत्पादन होता था लेकिन संभवतः सूरजमुखी को भी मौजूदा समय के मूंगफली की स्थिति का ही सामना करना पड़ा हो जिसका नतीजा यह है कि आज देश में सूरजमुखी की खेती विलुप्त हो गयी और इस मामले में देश लगभग आयात पर निर्भर हो गया। सरकार को मूंगफली की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कोई उचित कदम उठाना चाहिये।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः

सरसों तिलहन - 7,575-7,600 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,625-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,465-2,765 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,575-2,675 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,575-2,720 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,300 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,450 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,150 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 7,050-7,100 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,900-6,975 रुपये प्रति क्विंटल।

# अमेजन के सीईओ जेसी भारत यात्रा पर, 300 से अधिक शहरों में 'अमेजन नाउ' के विस्तार की योजना




नई दिल्ली, (भाषा)।

***ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अमेजन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी भारत दौरे पर हैं। कंपनी ने बुधवार को बताया कि वह अपनी त्वरित वाणिज्य सेवा 'अमेजन नाउ' का विस्तार 300 से अधिक शहरों तक करने की***

योजना बना रही है और देश का सबसे बड़ा 'कुछ मिनट में आपूर्ति' नेटवर्क स्थापित करने का लक्ष्य रखती है। जेसी ने बुधवार सुबह मुंबई में अमेजन नाउ के एक 'माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर' का दौरा किया। यह उनके भारत दौरे का पहला चरण है। अमेजन ने हाल ही में 2030 तक भारत में 35 अरब अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

यह कंपनी द्वारा अब तक किए गए 40 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अतिरिक्त होगा। इस निवेश का उद्देश्य कारोबार विस्तार, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात संवर्धन और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।

कंपनी ने बयान में कहा, ÷एंडी जेसी ने अमेजन नाउ के एक 'माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर' का दौरा किया, जो कंपनी की अति-शीघ्र आपूर्ति सेवा को संचालित करता है। कंपनी की योजना इस सेवा का विस्तार भारत के 300 से अधिक शहरों तक करने की है।÷

अमेजन के शीर्ष अधिकारी ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की, जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई), नवाचार और भारत की 'निर्माता' के रूप में भूमिका पर चर्चा की गई।

ये चर्चाएं इस बात पर केंद्रित रहीं कि एआई को प्रयोगात्मक स्तर से आगे बढ़ाकर वास्तविक उपयोगी परिणामों तक कैसे पहुंचाया जाए तथा भारतीय कंपनियां किस तरह देश के साथ-साथ वैश्विक ग्राहकों के लिए समाधान विकसित कर सकती हैं। इस बैठक में उपभोक्ता वस्तु, दूरसंचार, बैंकिंग, प्रौद्योगिकी और डिजिटल कॉमर्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने भाग लिया।

इनमें टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ सुनील डिसूजा, अमागी के सह-संस्थापक और सीईओ भास्कर सुब्रमण्यन, एडब्ल्यूएस इंडिया एंड साउथ एशिया के अध्यक्ष संदीप दत्ता, वोडाफोन आइडिया के सीईओ अभिजीत किशोर, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एमडी और सीईओ वी. वैद्यनाथन और नायका के सीईओ अंचित नायर प्रमुख थे।

जेसी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात की और राज्य के प्रति अमेजन की प्रतिबद्धता पर चर्चा की। जेसी ने कहा कि एआई उनके जीवनकाल की सबसे परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी है और भारत वह स्थान होगा जहां इसके कुछ सबसे महत्वपूर्ण अनुप्रयोग विकसित किए जाएंगे।

उन्होंने भारत की मजबूत इंजीनियरिंग प्रतिभा और डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाने की गति को ऐसे कारण बताया जिनकी वजह से भारत केवल एआई का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसका निर्माता और नवोन्मेषक भी बनकर उभर सकता है।

अमेजन ने कहा कि भारत के पास पैमाना, प्रतिभा और महत्वाकांक्षा है, जो एआई-आधारित व्यावसायिक परिवर्तन के अगले चरण को आकार देने में सक्षम है। अमेजन ने कहा कि एंडी जेसी ने मुंबई में अमेजन नाउ के एक 'माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर' का दौरा किया। कंपनी के अनुसार, जेसी इस सप्ताह दिल्ली भी जा सकते हैं। जेसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ÷भारत आकर और मुंबई के सबसे व्यस्त क्षेत्रों में से एक में स्थित अमेजन नाउ के 'माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर' का दौरा कर प्रसन्नता हुई।÷

उन्होंने कहा, ÷यह भारत में हमारा सबसे तेजी से बढ़ता ई-कॉमर्स कारोबार खंड है और हम देश का सबसे बड़ा 'कुछ मिनट में आपूर्ति' नेटवर्क बनाने की योजना के तहत इसका विस्तार 300 से अधिक शहरों में कर रहे हैं। यहां इस सेवा को विकसित करने के दौरान जो अनुभव मिला है, वह अब अमेरिका और दुनिया के अन्य देशों में इसके विस्तार में भी मदद कर रहा है।÷

जेसी ने कहा कि रोजमर्रा के उपयोग वाले सामान, शैंपू और शिशुओं से जुड़े उत्पाद जैसी तत्काल आवश्यकता की वस्तुएं ऑर्डर मिलने के कुछ ही मिनट के भीतर ग्राहकों तक पहुंचा दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को यह सेवा काफी पसंद आ रही है।

# प्याज का बफर स्टॉकः तीन बार बढ़ाने के बावजूद अब तक सिर्फ 2,000 टन की खरीद



नई दिल्ली, (भाषा)।

***वर्ष 2026 के बफर स्टॉक के लिए प्याज की सरकारी खरीद धीमी गति से शुरू हुई है। खरीद की कीमत तीन बार बढ़ाने के बावजूद, एक जून से अब तक सिर्फ2,000 टन प्याज ही खरीदा गया है।***

खरीद का काम करने वाली दो प्रमुख एजेंसियों - नेफेड और नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीसीएफ) - ने अब तक सरकार द्वारा 'मूल्य स्थिरीकरण कोष' (पीएसएफ) के तहत तय किए गए दो लाख टन के लक्ष्य का सिर्फएक प्रतिशत ही हासिल किया है।

सत्र शुरू होने के बाद से खरीद की कीमत में तेजी से बदलाव किए गए हैं। 22 मई को कीमत 12.70 रुपये प्रति किलो से बढ़ाकर 15.80 रुपये प्रति किलो की गई, फिर 13 जून को 16.50 रुपये प्रति किलो तथा हाल ही में 20 जून को 17.30 रुपये प्रति किलो कर दी गई।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''एक जून से अब तक लगभग 2,000 टन प्याज खरीदा गया है।''

बाजार के जानकारों का कहना है कि समस्या गुणवत्ता में अंतर की है। देश की सबसे बड़ी प्याज की थोक मंडी, नासिक के लासलगांव के व्यापारी रमेश पाटिल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''बाजार में 'ए-ग्रेड' प्याज की अच्छी कीमत मिल रही है। 17.30 रुपये प्रति किलो की सरकारी कीमत पर सरकारी एजेंसियां मुख्य रूप से यूआरएस (अपेक्षाकृत कम सख्त मानकों वाले) प्याज तक ही सीमित हैं, क्योंकि ज्यादातर 'ए-ग्रेड' प्याज निर्यात के लिए भेजा जा रहा है।''

लासलगांव के ही एक अन्य व्यापारी नितिन सेठ ने कहा कि किसानों की सोच एक अहम कारक है।

सेठ ने कहा, ''मंडियों में प्याज की आवक अच्छी रही है, लेकिन कुछ किसान बेहतर कीमत की उम्मीद में अपना स्टॉक रोक रहे हैं। कीमत में तीन बार बढ़ोतरी भी उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है।''

सरकार द्वारा निकट भविष्य में खरीद की दर फिर से बढ़ाने की संभावना कम है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि कीमत में एक और बदलाव से व्यापारियों के बीच गठजोड़ बनाने को बढ़ावा मिलने का जोखिम है।

हालांकि, मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने धीमी शुरुआत को ज्यादा अहमियत नहीं दी। उन्होंने कहा कि पहले महीने में खरीद की रफ्तार मोटे तौर पर पिछले साल जैसी ही है और उम्मीद है कि आने वाले महीनों में इसमें तेजी आएगी।

बफर स्टॉक के लिए प्याज, रबी सत्र की फसल से लिया जाता है और इसे आपूर्ति कम होने वाले महीनों में कीमतों में अचानक उछाल को रोकने के लिए भंडारित किया जाता है, जिससे किसानों और ग्राहकों दोनों का बचाव होता है। बेमौसम बारिश की वजह से प्याज की गुणवत्ता पर असर पड़ा है।

सरकार ने वर्ष 2026 के लिए खरीद और भंडारण की प्रणाली में बदलाव किया है।

केन्द्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) को प्रमुख स्टोरेज एजेंसी बनाया गया है, जो सख्त भंडारण नियमों के तहत काम करेगी। नेफेड और एनसीसीएफ ने भी कामकाज की क्षमता बेहतर करने के लिए अपनी खरीद करने वाली समितियों के नेटवर्क को व्यवस्थित किया है।

उत्पादन की बात करें तो, कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए प्याज का उत्पादन 307.71 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल के मुकाबले लगभग उतना ही है। अगर खरीद धीमी रहती है, तो आपूर्ति के मोर्चे पर इससे कोई खास राहत नहीं मिलेगी।

# एक लाख करोड़ रुपये की संपत्ति वाली एनबीएफसी 'उच्च स्तर' की श्रेणी में..




मुंबई, (भाषा)।

***एक लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को 'उच्च स्तर' श्रेणी में रखा जाएगा। इसके लिए ऐसी कंपनियों की पहचान करने के मौजूदा तरीके की जगह एक आसान और ठोस मानदंड अपनाया जाएगा।***

भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि 'उच्च स्तर' में आने वाली एनबीएफसी के लिए व्यापक नियमों की जरूरत है। 'उच्च स्तर' में एनबीएफसी की पहचान करने के तरीके और सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीएफसी को विभिन्न 'स्तरों' में रखने से जुड़े निर्देशों की समीक्षा के आधार पर मौजूदा नियमों में बदलाव करने की जरूरत है। केंद्रीय बैंक एनबीएफसी को उनके आकार, जोखिम स्थिति और प्रणाली के लिए उनकी अहमियत के आधार पर नियमन करता है।

पैमाना आधारित नियमन के तहत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को एनबीएफसी-बुनियादी स्तर, एनबीएफसी-मध्यम स्तर, एनबीएफसी-उच्च स्तर और एनबीएफसी-शीर्ष स्तर में बांटा गया है।

रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां ङ्क पंजीकरण, छूट और पैमाना आधारित नियमन के लिए रूपरेखा) दूसरा संशोधन निर्देश, 2026 के अनुसार, 'उच्च स्तर' में वे एनबीएफसी शामिल होंगी जिनकी पहचान रिजर्व बैंक हर साल खास तौर पर करता है और जिनके लिए अधिक नियमों की जरूरत होती है।

'उच्च स्तर' में एनबीएफसी की पहचान मानदंडों के बारे में कहा गया, ''उच्च स्तर में वे एनबीएफसी शामिल होंगी जिनका संपत्ति आकार वित्त वर्ष के ताजा वित्तीय विवरण के अनुसार 1,00,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है।'' इसमें आगे कहा गया है कि एनबीएफसी-उच्च स्तर (यूएल) की पहचान के मानदंड की समय-समय पर समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही, एनबीएफसी-उच्च स्तर की पहचान के लिए संपत्ति आकार की सीमा की समीक्षा हर तीन साल में की जानी चाहिए। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जो एनबीएफसी किसी वाणिज्यिक बैंक की समूह इकाई हैं और अगर कोई खास व्यापार/गतिविधि एनबीएफसी और उसके मूल बैंक दोनों कर रहे हैं, उन्हें लागू नियमों का पालन करना चाहिए। आरबीआई के अनुसार, ''ये नियम उन एनबीएफसी पर लागू होते हैं जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की समूह इकाई हैं, चाहे इन निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार उनका 'स्तर' के आधार पर वर्गीकरण कुछ भी हो।''

# हरियाणा के किसानों को टिकाऊ खेती के बारे में विशेषज्ञों से सलाह मिली..



चंडीगढ़, (भाषा)।

***रेवाड़ी ज़िले में एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कई किसानों ने टिकाऊ खेती के तरीकों और मिट्टी की सेहत के प्रबंधन के बारे में जानकारी हासिल की। यह कार्यक्रम 'खेत बचाओ अभियान 2026' के तहत बुधवार को एसजीटी विश्वविद्यालय,***

गुरुग्राम ने कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), रेवाड़ी और इफ्को हरियाणा के साथ मिलकर खलियावास और खतवाली गांवों में आयोजित किया था।

एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस कार्यक्रम का मकसद किसानों को संतुलित खाद के इस्तेमाल, मिट्टी के संरक्षण, जैविक खेती और किसान समुदाय के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था।

विशेषज्ञों ने किसानों को एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) के बारे में बताया, जो मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनाए रखने और फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए जैविक और रासायनिक खादों के संतुलित इस्तेमाल को बढ़ावा देता है।

उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से पोषक तत्वों के प्रबंधन, मिट्टी में कार्बन के संरक्षण और लंबे समय तक मिट्टी की सेहत बनाए रखने के महत्व पर भी ज़ोर दिया।

किसानों को पर्यावरण के अनुकूल और कम खर्चीले तरीकों, जैसे कि वर्मीकम्पोस्टिंग, जैव-उर्वरक और फसल विविधीकरण (अलग-अलग तरह की फसलें उगाना) को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विशेषज्ञों ने कहा कि फलों, विदेशी सब्ज़ियों और फूलों की खेती से पर्यावरण पर बुरा असर कम करते हुए खेती से होने वाली कमाई बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम को कृषि विज्ञान संकाय की डीन पूजा पंत, आर के यादव, ओम प्रकाश और नरेंद्र भंडारी के साथ-साथ केवीके रेवाड़ी और इफ्को हरियाणा के विशेषज्ञों ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने किसानों से रासायनिक खाद पर बहुत ज़्यादा निर्भरता कम करने और टिकाऊ खेती के तरीके अपनाने का आग्रह किया, जिनसे प्राकृतिक संसाधनों को बचाते हुए पैदावार बढ़ाई जा सके।

पंत ने किसानों को एसजीटी विश्वविद्यालय की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के बारे में बताया, जो मिट्टी की जांच और सलाह देने की सेवाएं देती है ताकि किसान पोषक तत्वों का सही तरीके से प्रबंधन कर सकें और फसल की पैदावार बढ़ा सकें। उन्होंने मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से मिट्टी की जांच करवाने के महत्व पर ज़ोर दिया।

# अपीलीय न्यायाधिकरण ने ऋण शोधन कार्यवाही पर रोक लगायीः विक्रम सोलर

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सुनवाई की अगली तारीख तक विक्रम सोलर के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने सुनवाई की अगली तारीख के बारे में जानकारी नहीं दी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण***

(एनसीएलटी) की कोलकाता पीठ ने 19 जून को विक्रम सोलर को कंपनी के परिचालन से जुड़ा कर्ज देने वाली इस्तिवा स्टील्स की याचिका स्वीकार करने के बाद कंपनी के खिलाफ कंपनी ऋण शोधन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने का आदेश दिया था।

विक्रम सोलर ने अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष इस आदेश को चुनौती दी थी।

कंपनी ने कहा, ''राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने एनसीएलटी की कोलकाता पीठ के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें इस्तिवा स्टील्स द्वारा ऋण शोधन अक्षमता और दिवाला संहिता 2016 की धारा नौ के तहत दायर याचिका को स्वीकार किया गया था। यह रोक मामले की अगली सुनवाई की तारीख तक लागू रहेगी।''

एनसीएलटी ने ऋण शोधन और दिवाला संहिता में तय प्रक्रिया के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल को निलंबित करते हुए विक्रम सोलर के लिए एक अंतरिम समाधान पेशेवर भी नियुक्त किया था।

कंपनी ने कहा, ''एनसीएलएटी ने विक्रम सोलर लि. के खिलाफ कंपनी ऋण शोधन समाधान प्रक्रिया पर रोक लगा दी है...।'' इस बारे में आदेश अभी अपीलीय न्यायाधिकरण के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बिना परमिट 3 राज्यों से गुजरने वाली आशीर्वाद बस सर्विस पर परिवहन विभाग की कार्यवाही..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र में अवैद्य रूप से बसों के संचालन को लेकर अनेकों बार शिकायतें प्राप्त हो रही है। जहां लगातार लांजी से हैदराबाद बसों के संचालन पर सवालिया निशान उठ ही रहे है***

वहीं लांजी में छत्तीसगढ़ राज्य से महाराष्ट्र होकर मध्यप्रदेश के लांजी में अवैद्य रूप से संचालित हो रही आशीर्वाद बस सर्विस पर भी अब सवाल खड़े हो रहे। बता दे कि 24 जून को परिवहन विभाग के उड़न दस्ता टीम के द्वारा आशीर्वाद बस क्रमांक सीजी 08 ए 0526 की जांच कर उसे पुलिस थाना लांजी में अभिरक्षा में खड़ा किया गया है।

वर्तमान में किस संबध में उक्त संपूर्ण कार्यवाही हुई है यह ज्ञात नही हो पाया क्योंकि उड़न दस्ता प्रभारी से इस विषय पर चर्चा नही हो पाई थी। लेकिन मुताबिक सूत्रो की माने तो उक्त बस विगत 3 से 4 वर्षो लांजी डोंगरगढ़ के मध्य संचालित हो रही है जो कि तीन राज्यों में संचालन का विषय है। यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि बस संचालक के द्वारा शादी विवाह के परमिट पर बस संचालित रहे है। जिसकी भी जांच होनी चाहिये और यदि यह विगत 3 से 4 वर्षो के बिना वैद्य परमिट के या दस्तावेजो के संचालन किया जा रहा है तो विगत 3 से 4 वर्षो का राजस्व वसुली की जांच उक्त बस की होनी चाहिये।

कैसे इतने समय तक यह बस बिना परमिट के या तीन राज्यों की सीमा पार कर संचालित हो रही थी क्या किसी के संरक्षण पर यह संचालन किया जा रहा था इसकी भी गंभीरता से जांच किया जाना चाहिये। वर्तमान में उक्त बस पुलिस थाना लांजी की अभिरक्षा में संपूर्ण जांच उपरांत उचित कार्यवाही उक्त बस पर होनी चाहिये।

# गायत्री शक्ति पीठ में जयंती दिवस पर हुआ 3 कुंडीय यज्ञ

## परिनिर्वाण दिवस पर आचार्य शर्माजी को किया याद..







जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के गायत्री शक्तिपीठ में 24 जून को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को गायत्री जयंती (गंगा दशहरा) एवं गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 3 कुण्डीय गायत्री यज्ञ कर मनाया गया।***

इस संबंध में शास्त्रों में ऐसा उल्लेख है कि इस दिन भागीरथ की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। तब से यह मान्यता चली आ रही है कि जो व्यक्ति इस दिन भक्ति भाव पूर्वक भागीरथी में स्नान करता है उसके दस तरह के पाप नष्ट हो जाते है, इसलिए इसे गंगा दशहरा भी कहा जाता है। दूसरा महत्व यह है कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि (2 जून 1990) को परमपूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी का महापरिनिर्वाण हुआ था।

इन दो महत्वपूर्ण तिथियों के कारण यह पर्व सनातन धर्मावलंबियों गायत्री परिवार से जुड़े लोगो द्वारा मनाया जाता है। पर्व के चलते गायत्री मंदिर लांजी में प्रातः6 बजे से जप, ध्यान, साधना पश्चात 10 बजे से 3 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ किया गया जो कि 1.30 बजे तक चलता रहा। नगर के गायत्री मंदिर में प्रमुख ट्रस्टी एवं गायत्री परिवार से जुड़े लोगो ने पहुंचकर यज्ञ में आहूतियां दी। इस दौरान श्रीमती आकांक्षा सुभाष आसटकर का पुंसवन संस्कार एवं कु.शिवि विजय सोनवाने एवं वेद अर्चना रहमतकर का विद्यारंभ संस्कार हुआ। गायत्री परिवार के ट्रस्टी यशवंत राव बनोठे, डॉ छबीलाल मरठे, धर्मेन्द्र सिंह बैस की टोली द्वारा यज्ञ सम्पन्न कराया गया।

अंत में आरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सभी ट्रस्टीगण, वरिष्ठ परिजन तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहन उपस्थित थे। जिनमें किशनलाल महेरबान, सूरजलाल बिलावर, शिव कुमार अग्रवाल, पी एल जैतवार, लिलेश्वर खानोरकर, रामदयाल बड़गैया, शोभादेवी वर्मा, रामदुलारी बड़गैया, सुमन आसटकर, व्यवस्थापक श्यामलाल पांडे, तहसील प्रभारी कवननलाल लिल्हारे, पुरोहित विनोद तिड़के, श्रीमती प्रमिला तिड़के, रामदयाल बड़गैया, हेनालाल नगपुरे, नरेन्द्र बनोठे, सुखचरण नेवारे, श्रीमती लीला मोरघडे, मीना कुंघाड़कर, ताराचंद भण्डारकर, संतोष श्रीवास, सुशीला रामटेककर, बबीता पशीने, कान्ता तिड़के, महेन्द्र बड़घैया, छन्नूलाल दमाहे, श्रीमती नम्रता कबीरे, धनीराम सोनवाने, राजहंस टेंभरे, बेनीराम केवट, अनन्तराम सोनवाने, ममता तिड़के, अर्चना सहारे, मंजू नारंग, कु. रोहिणी तिड़के, धारणा तिड़के, कैलाश रहमतकर, श्रीमती गीता रामटेक्कर, दुलीराम आसटकर, शैलेन्द्र विजयवार, इंदल सोनवाने, पारवती मतारे, टी. एल. कटरे, इशुलाल जांभरे, रामप्रसाद सोनवाने, यादोराव सोनटके प्रमुख रूप से उपस्थित थे। आगामी कार्यक्रम 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जायेगा।

# जिले में 24 जून तक 22 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 24 जून 2026 तक कुल 22 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 43 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है।***

जिले में 01 से 24 जून तक 170 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए और जून माह में 212 मिलीमीटर वर्षा होना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 06 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 01 मिलीमीटर, वारासिवनी में 07 मिलीमीटर, बैहर में 14 मिलीमीटर, लांजी में 00 मिलीमीटर, कटंगी में 00 मिलीमीटर, किरनापुर में 02 मिलीमीटर, खैरलांजी में 00 मिलीमीटर, लालबर्रा में 20 मिलीमीटर, बिरसा में 05 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 12 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 02 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। चालू वर्ष में 01 जून से 24 जून तक सबसे अधिक 41 मिलीमीटर वर्षा बालाघाट एवं वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 03 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बैहर में 37 मिलीमीटर, लांजी में 12 मिलीमीटर, कटंगी में 11 मिलीमीटर, किरनापुर में 06 मिलीमीटर, लालबर्रा में 31 मिलीमीटर, बिरसा में 08 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 30 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 21 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 63 मिलीमीटर, वारासिवनी में 47 मिलीमीटर, बैहर में 79 मिलीमीटर, लांजी में 29 मिलीमीटर, कटंगी में 8 मिलीमीटर, किरनापुर में 49 मिलीमीटर, खैरलांजी में 12 मिलीमीटर, लालबर्रा में 27 मिलीमीटर, बिरसा में 115 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 36 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 09 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लांजी में एफटीके प्रशिक्षण आयोजित

## 106 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीखी पेयजल गुणवत्ता जांच की तकनीक..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी***

विभाग (पीएचई) द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग लांजी के सहयोग से एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय लांजी में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके एवं सहायक यंत्री श्री रविन्द्र हट्टेवार के मार्गदर्शन में तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती रेखा सोनवाने की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण में ककोड़ी, पालडोंगरी, लांजी 'अ' एवं लांजी 'ब' सेक्टर की कुल 106 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करना तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर क्षमता विकसित करना था। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित शीतल मिश्रा, पीएमयू समन्वयक हरीश झा, ब्लॉक समन्वयक ओमप्रकाश शिवनकर, रानी सिंह राजपूत, फनीश रंगारे, श्रुति डहाटे एवं आई-केमिस्ट उज्जवल हरिन्द्रवार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। ब्लॉक समन्वयक ओमप्रकाश शिवनकर द्वारा एफ्टीके किट के उपयोग का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि इस किट की सहायता से पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, हार्डनेस, क्लोरीन तथा पीएच मान की जांच कम समय में की जा सकती है। प्रशिक्षकों ने बताया कि दूषित जल के सेवन से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में समय-समय पर जल स्त्रोतों की गुणवत्ता की जांच अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती रेखा सोनवाने ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की जांच कर नियमित रूप से डेटा संधारित करेंगी। यदि किसी स्त्रोत का पानी दूषित पाया जाता है, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी, ताकि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पीएमयू समन्वयक हरीश झा ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। जल गुणवत्ता निगरानी में उनकी सक्रिय भागीदारी गांवों को जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण के दौरान सभी 106 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की एफटीके यूजर आईडी भी तैयार की गई। यह कार्य शीतल मिश्रा, हरीश झा, रानी सिंह राजपूत, फनीश रंगारे, श्रुति डहाटे एवं ओमप्रकाश शिवनकर द्वारा संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग लांजी की परियोजना अधिकारी श्रीमती लता वर्मा, पर्यवेक्षक श्रीमती श्रद्धा चौहान, श्रीमती ललिता वासनिक, श्रीमती वसुंधरा घरड़े एवं श्रीमती रेखा सोनवाने का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता परीक्षण के लिए सक्षम बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

# सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 02 विद्यार्थियों को 80 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत..

## कलेक्टर श्री मीना की पहल से प्रतिभाशाली युवाओं का हुआ उत्साहवर्धन..





जगप्रेरणा बिरसा।

***सिविल सेवा परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।***

इस योजना के अंतर्गत कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने दो सफल अभ्यर्थियों को कुल 80 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मंजूर की है। विकासखंड बिरसा के ग्राम अचानकपुर निवासी श्री सुनील सोंनटके को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है।

वहीं मंडला जिले के निवासी श्री निखिल सैय्याम को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा दो बार सफ्लतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर क्रमशः 40 हजार रुपये एवं 20 हजार रुपये, कुल 60 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। निखिल सैयाम का जाति प्रमाण पत्र बालाघाट जिले का होने के कारण उसे बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। दोनों अभ्यर्थियों को कुल 80 हजार रुपये की राशि कलेक्टर श्री मृणाल मीना की स्वीकृति के बाद जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर द्वारा नियमानुसार उनके बैंक खातों में भुगतान किए जाने की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई है।

जिला प्रशासन एवं जनजातीय कार्य विभाग ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही जिले के अन्य युवाओं से भी सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भाग लेकर सफलता अर्जित करने और प्रशासनिक सेवाओं में योगदान देने का आह्वान किया है। यह पहल युवाओं को उच्च प्रशासनिक सेवाओं की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कम बारिश की आशंका के बीच किसान संतोष ठाकरे ने दिखाई नई राह..

## 12 एकड़ में धान के स्थान पर अरहर की बोनी कर बने अन्य किसानों के लिए प्रेरणा..





जगप्रेरणा बालाघाट।

जलवायु परिवर्तन और अनिश्चित मानसून के दौर में बालाघाट जिले के प्रगतिशील किसान नई परिस्थितियों के अनुरूप खेती की दिशा बदलकर मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। बालाघाट विकासखंड के ग्राम चांगोटोला निवासी प्रगतिशील कृषक संतोष ठाकरे ने इस वर्ष संभावित कम वर्षा को देखते हुए परंपरागत धान की खेती के स्थान पर 12 एकड़ क्षेत्र में अरहर की फसल बोकर अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

कृषि विभाग के मार्गदर्शन एवं सलाह पर अमल करते हुए श्री ठाकरे ने सुपर सीडर मशीन की सहायता से अरहर की बोनी की है। उनका मानना है कि बदलते मौसम और जल संकट की परिस्थितियों में ऐसी फसलों को अपनाना समय की आवश्यकता है, जिनमें कम पानी की जरूरत हो और किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके।

अरहर एक ऐसी दलहनी फसल है, जो धान की तुलना में काफी कम पानी में तैयार हो जाती है। इसके साथ ही यह मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में भी सहायक होती है तथा किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिलने से आय में वृद्धि होती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार कम वर्षा की स्थिति में अरहर जैसी फसलें किसानों के लिए अधिक सुरक्षित और लाभकारी विकल्प साबित हो सकती हैं। कृषक संतोष ठाकरे ने बताया कि धान की खेती में अधिक पानी, श्रम एवं लागत की आवश्यकता होती है, जबकि अरहर अपेक्षाकृत कम लागत में अच्छी उपज और बेहतर लाभ प्रदान करती है। इसी कारण उन्होंने इस वर्ष बड़े क्षेत्र में अरहर की खेती करने का निर्णय लिया है।

कृषि विभाग ने भी किसानों से जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फसल विविधीकरण अपनाने तथा कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की अपील की है। विभाग का मानना है कि इससे किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ग्राम चांगोटोला के किसान संतोष ठाकरे की यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रही है। उनकी दूरदर्शिता और नवाचारपूर्ण सोच यह संदेश देती है कि बदलते मौसम के अनुरूप कृषि पद्धतियों में परिवर्तन कर किसान न केवल जोखिम कम कर सकते हैं, बल्कि अपनी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बैहर में धूमधाम से मनाई गई रानी दुर्गावती जयंती..





जगप्रेरणा बैहर।

***वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती के अवसर पर बैहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी समाज द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की***

गई तथा उनके शौर्य, त्याग और बलिदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने रानी दुर्गावती के आदर्शों पर चलने तथा समाज में एकता और जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री. नगर पालिका अध्यक्ष यशवंती गुड्डा मरकाम, नगर पालिका पार्षद शिमला मैरवी, प्रचारक कमलेश सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के संघर्षमय जीवन और मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए गए उनके बलिदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन समाज की खुशहाली एवं क्षेत्र के विकास की कामना के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा शामिल हुए।

# टेस्टा हाईब्रिड धान बीज मामले में किसानों में आक्रोश, भारतीय मजदूर संघ ने सहयोग कर उठाई आवाज, जांच और कार्रवाई की मांग






जगप्रेरणा बिरसा/बालाघाट।

***बालाघाट जिले की बिरसा तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजाटोला, बखारीकोना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में टेस्टा हाईब्रिड धान बीज को लेकर किसानों में नाराजगी सामने आई है।***

किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हें बेहतर गुणवत्ता और अधिक उत्पादन देने वाला बीज बताकर धान बीज की बिक्री की गई, लेकिन खेत में बोवनी के बाद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही भारतीय मजदूर संघ बिरसा तहसील के पदाधिकारी किसानों के समर्थन में आगे आए और किसानों की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाते हुए तहसील कार्यालय, कृषि विभाग कार्यालय और पुलिस थाना बिरसा में किसानों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा।

किसानों का आरोप ङ्क अच्छी क्वालिटी बताकर बेचा गया बीजकिसानों के अनुसार टेस्टा हाईब्रिड धान कंपनी के एजेंट वीरेंद्र यादव द्वारा गांवों में पहुंचकर कंपनी के धान बीज का प्रचार-प्रसार किया गया और किसानों को बीज की गुणवत्ता अच्छी बताकर अप्रैल माह में नगद बिक्री की गई।

किसानों ने बताया कि उन्होंने विश्वास के साथ बीज खरीदा और खेतों में बोवनी की, लेकिन करीब 15 दिन बाद भी कई जगह धान बीज का उचित अंकुरण नहीं हुआ। इसके बाद प्रभावित किसानों ने आपस में चर्चा कर मामले की शिकायत करने का निर्णय लिया।

कई गांवों में बिक्री की आशंकाग्रामीणों का कहना है कि यह मामला केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि बालाघाट जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस प्रकार बीज बिक्री किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

कृषि विभाग ने कही कार्रवाई की बातइस मामले को लेकर बैहर कृषि विभाग के एसडीओ धुर्वे जी से फोन पर जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर किसानों को जागरूक किया जाता है तथा व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य माध्यमों से भी जानकारी साझा की जाती है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति या गलत जानकारी देकर किसानों को भ्रमित करता है तो उसकी सूचना विभाग को दी जाए। विभाग द्वारा जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और किसानों के हित में हर संभव प्रयास किया जाएगा। कृषि विभाग की निगरानी पर किसानों ने उठाए सवालकिसानों का कहना है कि विभाग द्वारा अक्सर बीज दुकानों और रिटेलरों की जांच कर सैंपल लिए जाते हैं, लेकिन गांव-गांव जाकर बीज बेचने वाले एजेंटों पर निगरानी की कमी दिखाई देती है। किसानों ने मांग की है कि ऐसे लोगों की जांच कर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में अन्य किसान नुकसान से बच सकें।

भारतीय मजदूर संघ ने दिया किसानों को सहयोग का भरोसाभारतीय मजदूर संघ बिरसा तहसील के पदाधिकारियों ने किसानों के साथ खड़े होकर उनकी समस्या को गंभीरता से उठाया। संघ ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनके हितों के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

किसानों ने दी उच्च स्तर पर शिकायत की चेतावनीकिसानों ने कहा है कि यदि समय रहते मामले का समाधान नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को शिकायत करने के लिए मजबूर होंगे। किसानों की मांग है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित राहत और नुकसान की भरपाई दिलाई जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में जांच कर किसानों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

# बिरसा थाना क्षेत्र में सनसनी: खर्राधार पुल की बड़ी नहर में मिला बिन्टू वल्के का शव, पुलिस जांच में जुटी



जगप्रेरणा बिरसा।

***बिरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजाटोला खर्राधार पुल के पास बड़ी नहर में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।***

सूचना मिलने पर बिरसा पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बिन्टू वल्के, निवासी रमगढ़ी के रूप में बताई जा रही है। ग्रामीणों एवं परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बिन्टू वल्के खर्राधार पुल निर्माण कार्य में चौकीदार के रूप में बहुत समय से कार्य करता था। बताया गया कि वह शनिवार शाम से लापता था, जिसके बाद परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे।

घटना के बाद परिजनों में गहरा दुख और शोक का माहौल है। परिवार के सदस्यों ने मीडिया के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और यदि घटना में कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफउचित कार्रवाई की जाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई है। पुलिस द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

इस घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में डर और चिंता का माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने भी पुलिस प्रशासन से जल्द जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

## कृषि विभाग बिरसा में धान, कोदो, रागी, कुटकी एवं अरहर बीज उपलब्ध

## किसानों से शीघ्र बीज प्राप्त कर खरीफफसलों की बुवाई करने की अपील

जगप्रेरणा बालाघाट।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के किसानों को सूचित किया है कि विकासखंड बिरसा स्थित कृषि विभाग में खरीफसीजन 2026 के लिए विभिन्न फसलों का प्रमाणित बीज उपलब्ध हो गया है। किसानों को धान (जेआर-10), कोदो, रागी (मडिया), कुटकी एवं अरहर फसलों के बीज का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि किसानों को बीज का वितरण ÷पहले आओ, पहले पाओ÷ के आधार पर किया जाएगा। इसलिए इच्छुक किसान समय रहते कृषि विभाग से संपर्क कर बीज प्राप्त करें, ताकि खरीफफसलों की बुवाई समय पर की जा सके। उन्होंने बताया कि किसान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, बिरसा से सीधे बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा किसान अपनी संबंधित सहकारी समिति (सोसायटी) से परमिट कटवाकर भी बीज प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे उपलब्ध प्रमाणित बीज का लाभ उठाकर उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाएं तथा खरीफफसलों का रकबा बढ़ाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि करें। विभाग द्वारा किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराकर उत्पादन बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों से आग्रह है कि वे शीघ्र बीज प्राप्त कर खरीफसीजन की तैयारियों को अंतिम रूप दें।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण की संवेदनशील मिसाल..

## बीमार बाघ को बचाने के लिए विशेषज्ञों ने किए हरसंभव प्रयास, उपचार के दौरान हुई मृत्यु



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कान्हा टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण और उपचार के प्रति संवेदनशीलता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण सामने आया है। गंभीर रूप से बीमार पाए गए एक बाघ को समय रहते रेस्क्यू कर विशेषज्ञों की निगरानी में उपचार उपलब्ध कराया गया,***

लेकिन लगातार चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उसकी मृत्यु हो गई। वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और वैज्ञानिक तरीके से संपन्न की।

जानकारी के अनुसार, 4 जून 2026 को हाथी गश्ती के दौरान किसली परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 777 स्थित संदूक खोल क्षेत्र में एक बाघ अत्यंत अस्वस्थ अवस्था में दिखाई दिया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर बाघ को मुक्की क्वारंटाइन सेंटर में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में उसमें केनाइन डिस्टेंपर रोग के लक्षण पाए गए थे।

बाघ के उपचार के लिए कान्हा टाइगर रिजर्व के वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारियों, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर तथा वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट (डब्ल्यूसीटी) के विशेषज्ञ चिकित्सकों की संयुक्त टीम लगातार सक्रिय रही। इसके अलावा देश के वरिष्ठ वन्यजीव विशेषज्ञों से भी तकनीकी सलाह लेकर उपचार किया गया। हालांकि, गहन चिकित्सा और सतत निगरानी के बावजूद बाघ को बचाया नहीं जा सका।

बाघ की मृत्यु के बाद एनटीसीए प्रोटोकॉल एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल के निर्देशों के अनुरूप शव परीक्षण की कार्रवाई की गई। डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. आशीष वैद्य एवं डॉ. अनुष्का उपाध्याय के विशेषज्ञ दल ने पोस्टमार्टम किया। परीक्षण में बाघ के सभी महत्वपूर्ण अंग सुरक्षित पाए गए। मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए फॉरेंसिक जांच हेतु आवश्यक नमूने सुरक्षित रखे गए हैं।

शव परीक्षण के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नामित सदस्यों की उपस्थिति में बाघ का सम्मानपूर्वक भस्मीकरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र संचालक रवींद्र मणि त्रिपाठी, सहायक संचालक अजय ठाकुर, तहसीलदार बैहर जमुना प्रसाद भगत, एनटीसीए प्रतिनिधि परशुराम चौहान, फील्ड बायोलॉजिस्ट अजिंक्य देशमुख, मानसेवी वन्यजीव अभिरक्षक चंद्रेश खरे, सरपंच शकुंतला मरकाम सहित वन विभाग का अमला मौजूद रहा।

कान्हा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने कहा कि वन्यजीवों के संरक्षण, स्वास्थ्य निगरानी और उपचार के लिए लगातार वैज्ञानिक एवं आधुनिक उपाय अपनाए जा रहे हैं। बीमार बाघ को बचाने के लिए किए गए समन्वित प्रयास वन्यजीव संरक्षण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड रैंकिंग में बालाघाट का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## अप्रैल में प्रदेश में प्रथम, मई में तृतीय स्थान हासिल कर बनाया नया कीर्तिमान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों के हित में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड में बालाघाट जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।***

जिला स्तरीय रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालाघाट ने अप्रैल 2026 में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मई 2026 में तृतीय स्थान हासिल कर प्रदेश के शीर्ष तीन जिलों में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी। मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड के अंतर्गत किसान कल्याण एवं कृषि विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन तथा सहकारिता विभागों के विभिन्न की परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स (यक्कढ्ढ) निर्धारित किए गए हैं, जिनके आधार पर जिलों का मूल्यांकन किया जाता है।

जारी रैंकिंग के अनुसार अप्रैल 2026 में बालाघाट प्रथम, झाबुआ द्वितीय एवं हरदा तृतीय स्थान पर रहा। वहीं मई 2026 में झाबुआ ने प्रथम, मंदसौर ने द्वितीय तथा बालाघाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लगातार दो माह तक प्रदेश के शीर्ष तीन जिलों में स्थान बनाकर बालाघाट ने किसान कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस उपलब्धि पर बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना ने कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे किसानों के हित में संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय तथा मैदानी स्तर पर किए गए सतत प्रयासों का परिणाम बताया है। कलेक्टर श्री मीना द्वारा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी का परिणाम है कि बालाघाट जिले ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में किसानों को ई-टोकन प्रणाली से उर्वरकों का वितरण, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं कृषि आदानों की उपलब्धता, सुपर सीडर तकनीक के माध्यम से धान की सीधी बुवाई को बढ़ावा, पराली प्रबंधन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती का विस्तार, उद्यानिकी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने, दुग्ध उत्पादन संवर्धन हेतु कामधेनु एवं क्षीरधारा योजनाओं का क्रियान्वयन, मादा पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स-सॉर्टेड सीमन तकनीक का उपयोग, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए तालाबों एवं जलाशयों में केज कल्चर की पहल तथा किसानों एवं पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण जैसे अनेक कार्य प्रभावी ढंग से किए गए हैं। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप बालाघाट जिला किसान कल्याण के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हुआ है। कलेक्टर श्री मीना ने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अमले की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आगामी महीनों में भी जिला उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए किसानों के हित में संचालित योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारेगा।

# मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगतसिंह नेताम का दौरा कार्यक्रम

जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगतसिंह नेताम 24 जून से 28 जून 2026 तक बालाघाट जिले के प्रवास पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान वे छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे तथा विभिन्न सामाजिक एवं जनजातीय कार्यक्रमों में शामिल होकर जनजातीय हितों से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री नेताम 24 जून की रात्रि 11 बजे भोपाल से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। 25 जून को प्रातः 9 बजे जबलपुर से बिरसा एवं दमोह के लिए रवाना होंगे तथा रात्रि विश्राम दमोह में करेंगे।

26 जून को श्री नेताम प्रातः 10 बजे से बैहर एवं बिरसा तहसील क्षेत्र के छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में भी सहभागिता करेंगे तथा जनजातीय समुदाय से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। 27 जून को वे प्रातः 9 बजे दमोह से कारंजा (लांजी) के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां वे भावराव देवरस संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रमों के उपरांत वे पुनः दमोह लौटकर रात्रि विश्राम करेंगे। दौरे के अंतिम दिन 28 जून को श्री नेताम दमोह से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा वहां से भोपाल रवाना होंगे।

## ।। सतर्कता सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि: मौजा बिरसा, तहसील बिरसा (बालाघाट) में स्थित खसरा नम्बर 6/5 (रकबा 0.182 हे.) एवं खसरा नम्बर 24/1/1/1 (रकबा 1.463 हे.) की पैतृक भूमि पर मालिकाना हक का मुख्य विवाद माननीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बैहर के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक **RCSA** - 25/2025 के तहत विचाराधीन है। माननीय न्यायालय द्वारा इस प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 17.06.2026 के अनुसार, उक्त भूमि पर वर्तमान में किया जाने वाला कोई भी क्रय-विक्रय (बिक्री/रजिस्ट्री) सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 52 (लंबित वाद का सिद्धांत - **Lis Pendens**) के अधीन रहेगा। अतः कोई भी खरीदार, बैंक या प्रॉपर्टी डीलर इस विवादित भूमि का सौदा न करें। मुकदमे के लंबित रहते किया गया कोई भी लेन-देन पूर्णतः अवैध व शून्य माना जावेगा और क्रेता (खरीदार) स्वयं इसके नुकसान के जिम्मेदार होंगे।

वादीगण (आवेदक):
जयंती भौतमांगे एवं अजय भौतमांगे, निवासी- वार्ड नं. 21, बिरसा (म.प्र.)



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती, आमगांव में अभूतपूर्व उत्साह के साथ संपन्न..

### भव्य शोभायात्रा, मंत्रमुग्ध कर देने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिभाओं के सम्मान से गूंजा आमगांव, राजपूत समाज का ऐतिहासिक आयोजन..




जगप्रेरणा आमगांव।

***शौर्य, त्याग और स्वाभिमान के अमर प्रतीक, राष्ट्रपुरुष वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती इस वर्ष भी आमगांव तहसील में अत्यंत भव्य और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई।***

आमगांव तहसील के समस्त राजपूत समाज की ओर से आयोजित इस महोत्सव ने पूरे नगर को शौर्य के रंग में सराबोर कर दिया। बुधवार, 17 जून 2026 को स्थानीय कृषि उपज मंडी (कृषि उत्पन्न बाजार समिति) के प्रांगण में इस मुख्य जयंती सम्मेलन का अत्यंत गरिमापूर्ण आयोजन किया गया था।

जयंती उत्सव का मुख्य आकर्षण महाराणा प्रताप जयंती उत्सव समिति द्वारा नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा रही। पारंपरिक और राजसी वेशभूषा में सजे समाज के पुरुष और महिलाएं बड़ी संख्या में इस यात्रा में शामिल हुए। महाराणा प्रताप के जाज्वल्य इतिहास का गौरव गान करते शौर्य गीत, रोंगटे खड़े कर देने वाले पारंपरिक ढोल-ताशों की थाप और मनमोहक झांकियां नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

पूरे नगर का भ्रमण करते हुए यह शोभायात्रा इस भव्य महोत्सव का मुख्य बिंदु रही। मुख्य सम्मेलन की अध्यक्षता ठाकुर रामसिंह चौहान ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बाबू सिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह सोमवंशी और सुरेंद्र सिंह परिहार मंच पर गरिमामय रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्रीमती प्रतिभा परिहार ने अपनी ओजस्वी वाणी से महाराणा प्रताप के संघर्षमय और प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा: 'महाराणा प्रताप का जीवन केवल किसी एक युग तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वाभिमान का एक जीवंत दस्तावेज है। आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों और राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन में उतारना चाहिए, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।'

इस पूरे भव्य कार्यक्रम का बेहद कुशल, प्रभावी और उत्कृष्ट संचालन करणी सेना के तहसील अध्यक्ष मनोज सिंह सोमवंशी ने अपनी अनूठी शैली में किया। इस समारोह में वैचारिक मंथन के साथ-साथ संस्कृति और योग्यता का अनूठा संगम देखने को मिला। समाज की बालिकाओं और महिलाओं ने राजस्थानी पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया। समाज के उज्ज्वल भविष्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों के साथ-साथ पुलिस विभाग में नवनियुक्त होकर समाज का नाम रोशन करने वाले युवक-युवतियों को शाल और श्रीफल (नारियल) देकर सम्मानित किया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य रूप से पुरुषोत्तम सिंह सोमवंशी, प्रवीण गहरवार, गुड्डू गहरवार,दिलीप सिंह बैस, हीरा सिंह कनपुरिया, बबलू भदोरिया, देवेंद्र सिंह गहरवार, बड़गुर्जर, बाला ठाकुर, किशोर सोलंकी, भोपाल सिंह सोमवंशी, अजय सिंह नागवंशी समाज के कई वरिष्ठ और प्रतिष्ठित गणमान्य जन उपस्थित थे।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए युवा शक्ति ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। दिनेश सिंह राठौड़, राहुल सिंगर, अतुल चौहान, सिद्धू चौहान, देवी सिंह बैस, बसंत राठौड़, दिलीप सिंह चंदेल, मयूर सोमवंशी और मनोज बैस जैसे ऊर्जावान युवाओं ने दिन-रात एक कर कार्यक्रम का अनुशासित और सुचारू प्रबंधन किया।

# राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के मौके पर आमगांव में किया जायेगा विचार मंथन..

### सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकार और बहुजन एकता पर चिंतन..

### सामाजिक एकता मंच, आमगांव 28 जून को भव्य जंयती समारोह का आयोजन..

### विजयलक्ष्मी सभागृह रिसामा में दोपहर 12 बजे गणमान्य लोगों की मौजूदगी में एक जागरण होगा..

जगप्रेरणा आमगांव।

***राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज, जो सामाजिक बदलाव के अग्रदूत थे और जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारत में सामाजिक समानता, शिक्षा, आरक्षण और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित कर दिया, उनकी जयंती के मौके***

पर आमगांव में एक बड़ा जश्न मनाया गया है। यह बड़ा जश्न और उत्सव रविवार, 28 जून, 2026 को दोपहर 12.00 बजे सामाजिक एकता मंच, आमगांव (गोंदिया जिला) द्वारा विजयलक्ष्मी सभागृह, रिसामा (आमगांव) में मनाया जाएगा। आज़ादी के सुनहरे दौर के बाद भी, समाज में इस बात का अफ़सोस है कि सरकार और प्रशासन बहुजन समाज के कई बुनियादी मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसी पृष्ठभूमि में, यह ज्वलंत सवाल उठाते हुए कि 'आज़ादी के 75 साल बाद भी आज़ाद भारत में बहुजन समाज गुलाम क्यों है?', यह समारोह ओबीसी समाज को उनके बुनियादी संवैधानिक अधिकारों और हकों से वंचित करने की कोशिशों पर रोशनी डालेगा। साथ ही, अनुसूचित जाति समूह में सब-कैटेगराइज़ेशन की राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन, और **SC, ST, OBC** उम्मीदवारों को ओपन कैटेगरी से बाहर करके राज्य सरकार द्वारा किए गए अन्याय पर इस मंच से एक्सपर्ट्स मार्गदर्शन करेंगे।



इस भव्य जयंती समारोह की अध्यक्षता आमगांव में कृषि उत्पाद बाज़ार समिति के संचालक संजय बहेकार करेंगे। उनके कुशल नेतृत्व में, इस समारोह को एक ठोस सामाजिक दिशा मिलेगी, और वे बहुजन समाज के विभिन्न ज्वलंत पहलुओं पर अपनी अध्यक्षीय राय पेश करेंगे। संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, आरक्षण व्यवस्था और लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुजन समुदाय की भूमिका जैसे विषयों पर गहराई से और ज्ञान के साथ मार्गदर्शन देने के लिए, महाराष्ट्र के जाने-माने विचारक एडवोकेट मुख्य मार्गदर्शक होंगे। सर्वजीत बंसोड़े (मशहूर संवैधानिक विद्वान, पुणे), डॉ. प्रदीप शेंडे (सत्य की खोज करने वाले विचारक, नागपुर) मौजूद रहेंगे। इस समारोह में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और बहुजन आंदोलनों के प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें सुरेश बोरकर - अध्यक्ष, भारतीय बौद्ध महासभा, आमगांव, प्रा. जयेन्द्र हरदुले -उपाध्यक्ष, आदिवासी हल्बा-हल्बी कर्मचारी महासंघ, आमगांव/सालेकसा, स्वप्निल मेश्राम - अध्यक्ष, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति, आमगांव, मुनेश पंचेश्वर -अध्यक्ष, अखिल भारतीय माली महासंघ, आमगांव, जनार्दन शिगंडे - सचिव, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर स्मारक समिति, आमगांव, राजेश सातनूरकर - संयोजक, संत रविदास महाराज चर्मकार सामाजिक संगठन, आमगांव, विकास पटले -आयोजक, ओबीसी सेवा संघ, आमगांव, प्रज्ञा अरविंद भगत - पुस्तकालयाध्यक्ष, भवभूति महाविद्यालय, आमगांव, माननीय। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए किरण मोरे - सामाजिक कार्यकर्ता, मातंग समाज, सालेकसा, रमन हुमे - सदस्य, लुबिनी वन पर्यटन समिति, धम्मगिरी, आमगांव, शीला सुनील ब्राह्मणकर - सदस्य, पंचायत समिति आमगांव (घाटटेमनी क्षेत्र), राजेंद्र सोनवणे - संस्थापक, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, रिसामा, प्राचार्य पालकराम वाल्दे - बामसेफ इकाई कार्यकर्ता, आमगांव, आनंद बंसोड़ - मुख्य कमांडर, समता सैनिक दल, आमगांव, निखिल मेश्राम - सामाजिक कार्यकर्ता, आमगांव, रामेश्वर श्यामकुवर - सामाजिक कार्यकर्ता, आमगांव, रोशन बंसोड़ - सामाजिक कार्यकर्ता, झलिया और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# घरेलू गैस सिलेंडर के काले बाजार से गृहणी परेशान..

जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव शहर एवं ग्रामीण भाग में घरेलू गैस सिलेंडर की मौजूदा कमी और कथित कालाबाजार से नागरिक परेशान हो रहे है , खासकर घर की गृहणी में नाराज़गी का माहौल बना दिया है।***

समय पर गैस न मिलने से कई परिवारों को मानसिक और आर्थिक मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आज की आधुनिक जीवनशैली में, घर में खाना बनाने, शादी-ब्याह, छोटे व्यवसायों के साथ-साथ रोज़ाना इस्तेमाल के लिए गैस किचन में एक बहुत ज़रूरी चीज़ बन गई है। ऐसे में, लोग समय पर सिलेंडर न मिलने से परेशान हैं। एक तरफ तो घरेलू गैस सिलेंडर को लेने हेतु आनलाइन नंबर लगाने हेतु शहरी भागो में 25 दिनो ग्रामीण क्षेत्रों में 35 दिनो बाद ही नंबर लग रहा है वही नंबर लगने के बाद भी कई बार सिलेंडर नही मिल रहा है एवं घरेलू गैस सिलेंडर लेने हेतु गृहणी एवं नागरिक गैस ऐंजसी के चक्कर लगा रहे हैं वही दुसरी तरफ होटल ढाबे चाय टपरी एवं अन्य व्यवसायिक ठिकानो पर घरगुती सिलेंडर आसानी से पहुँच रहे हैं। आमगांव में ज़्यादातर एचपी और इंडियन गैस सिलेंडर बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होते हैं।

होटल, ढाबे, चाय की दुकानों और दूसरी व्यवसायिक जगहों पर सिलेंडर आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन आम ग्राहकों को इंतज़ार करना पड़ता है। चर्चा है कि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता की कमी के कारण ऐसी दिक्कतें आ रही हैं। लोगों ने मांग की है कि ज़िला प्रशासन और गैस एजेंसी चलाने वाले वीतरण प्रणाली को और पारदर्शी बनाएं, असली ज़रूरतमंदों को समय पर सिलेंडर दें और **OTP** सिस्टम पर असरदार कंट्रोल बनाए रखें। उन्होंने यह भी मांग की है कि जिन ग्राहकों को गैस की ज़रूरत नहीं है, उनके सिलेंडर तुरंत इंतज़ार कर रहे ग्राहकों को देने के लिए एक सही प्रणाली बनाया जाए। अगर प्रशासन एजेंसियां और ग्राहक मिलकर काम करें, तो गैस की कमी और कहे जाने वाले काले बाजार को नियंत्रित किया जा सकता है

### आपूर्ति विभाग के कार्यपद्धती पर नाराजगी..

तहसील के ग्राहको को जीवन आवश्यक वस्तु की आपूर्ति योग्य पद्धती से हो इस उद्देश से तहसील कार्यालय मे आपूति विभाग है इस आपूति विभाग से आवश्यक वस्तु एंव ग्राहक हित संरक्षण का काम किया जाना चाहिए किंतु अनेक हाटेल हाथठेले ढाबे एंव खाद्य पदार्थ बिक्री करने वाले दुकानदार सरेआम घरगुती गॅस सिलिंडर का प्रयोग कर रहे है वही घरेलू गैस सिलिंडर जो ग्राहको को मिलने चाहिए वह नही मिल रहे है किंतु आपूति विभाग पुरी तरह से नींद मे है जिससे घरेलू गैस सिलिंडर ग्राहको की परेशानी बढ़ रही है

### बोले मनोज राऊत..

'घरेलू गैस सिलिंडर की कालाबाजरी करने वालो पर निश्चित रुप से कार्यवाही होगी हम जल्द ही सभी हाटेल धाबे हाथगाड़ी व्यवसाय करने वाले एवं खाद्य पदार्थ बिक्री करने वाले दुकानो पर छापे मारकर घरेलू गैस सिलिंडर का प्रयोग वे करते पकडे गये तो बडी कार्यवाही की जायेगी'

जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



घन घन बरसो रे मेघा आमगाव मे बारिश की दस्तक के लिये आसमान मे बादल का खेल की बिच आसमान की आकर्षकता
छाया- प्रा. गणेश भदाडे आमगांव

# राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज जयंती पर 26 जून को सामाजिक न्याय दिवस कार्यक्रम..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग द्वारा राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की 152वीं जयंती के अवसर पर 26 जून 2026 को प्रातः 10 बजे सामाजिक न्याय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।***

यह कार्यक्रम डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सामाजिक न्याय भवन, पतंगा मैदान, जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे, गोंदिया में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान शासकीय आवासीय विद्यालयों की कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान गणमान्य अतिथियों के हाथों किया जाएगा। इसके साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में विद्यालय, तहसील तथा जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एवं प्रावीण्य श्रेणी में उत्तीर्ण अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 'राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज गुणवत्ता पुरस्कार' प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग की गटई स्टॉल योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को टीन शेड (पत्रे) से निर्मित स्टॉलों का वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग ने जिले के नागरिकों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज के सामाजिक समता एवं न्याय के विचारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है।

# गोंदिया तहसील में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, प्रशासन की व्यापक तैयारी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया तहसील के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आगामी 28 जून 2026 को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।***




प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है कि 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। अभियान के तहत गोंदिया तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 217 टीकाकरण बूथ तथा शहरी क्षेत्रों में 83 बूथ स्थापित किए जाएंगे।

इस प्रकार पूरे तहसील क्षेत्र में कुल 300 टीकाकरण केंद्र कार्यरत रहेंगे, जहां बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण कार्य को प्रभावी बनाने के लिए ट्रांजिट एवं मोबाइल टीमों की भी व्यवस्था की है। ग्रामीण क्षेत्रों में 14 तथा शहरी क्षेत्रों में 10 ट्रांजिट टीमों सहित कुल 24 टीमें कार्य करेंगी। वहीं, 10 मोबाइल टीमें दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी।

इस अभियान के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की नियुक्ति की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 656 कर्मचारी तथा शहरी क्षेत्रों में 305 कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे। इनमें स्वास्थ्य कर्मचारी, शिक्षक, ग्रामसेवक, तलाठी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी एवं नर्सिंग छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगे। अभियान के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन तथा शहरी क्षेत्रों में पांच दिन तक घर-घर जाकर सर्वे और टीकाकरण कार्य किया जाएगा। जो बच्चे पहले दिन बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें स्वास्थ्य टीम द्वारा घर जाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, प्रवासी मजदूरों के परिवारों तथा दूरदराज की बस्तियों में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के लिए आवश्यक पोलियो वैक्सीन, मार्कर पेन, प्रचार-प्रसार सामग्री एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं। गोंदिया तहसील में इस अभियान के अंतर्गत 35 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के सभी 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाकर अभियान को सफल बनाएं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त देश का दर्जा प्राप्त हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आने के कारण यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक देकर ही देश को स्थायी रूप से पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सकता है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### किसान चौक मे मिली युवक की लाश मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत खुन का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/6/2026 के रात 9 बजे अनमोल वसंत रंगारी उम्र 40 वर्ष अपनी स्कुटी से बाहर गया और रात भर वापस नही लौटा दुसरे दिन सुबह किसान चौक फुलचुर के खेत मे उसकी लाश मिली उसके सर हाथ पर मारने के निशान थे। रात के समय किसी अज्ञात आरोपी ने जान से मारा है फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 376/2026 धारा 103,1, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोनी रेवचंद सिंगनजुडे पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### गोडाऊन का ताला तोड़कर बिछायत सामग्री चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 22/6/2026 के रात कामठा रोड निंबार्ते लॉन फर्यादी जुनेद हनीफ भाई घांची उम्र 41 वर्ष निवासी आमगाव के गोडाऊन से अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर 24 नग ब्लैकेंट किमत 12,240 रुपये, ब्लॉकेट 17 नग 15,130 रुपये, प्लास्टिक त्रिपाल 2 नग 8 हजार रुपये, प्लास्टिक मेनकापड किमत 12,600 रुपये, कुल 55,970 रुपये का माल घटना की रात चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 448/2026 धारा 304, 334,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी गुरुनुले पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### बाहर गांव गये युवक के घर चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/6/2026 के रात देवरी मे फर्यादी सुदर्शन कृष्णा लांजेवार उम्र 44 वर्ष निवासी देवरी अपने परिवार के साथ मकान को ताला लगाकर गये थे। दूसरे दिन सुबह वापस आये तो देखा की मकान का ताला टुटा हुवा था। और आलमारी मे रखे 50 रुपये के नोट 10 हजार रुपये,20 रुपये के नोट 4 हजार रुपये,10 रूपये के नोट 1 हजार रुपये कुल 15 हजार रुपये घटना की रात अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 230/2026 धारा 305, अ,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बडोले 1295 पोस्टे देवरी कर रहे है।

### केटीएस अस्पताल से बाईक चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/6/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान फर्यादी रोहीत सुरेन्द्रसिंग पवार उम्र 31 वर्ष निवासी छोटा गोंदिया ने अपनी एच एफडिलक्स क्रमांक एम एच 35 ए क्यु 7719 किमत 25 हजार की केटीएस अस्पताल के खुले परीसर मे रखी थी। अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 456/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा शेंडे 330 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200




12 गुरुवार 25 जून 2026

जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली




### बहन के साथ मारपीट करता था जीजा इसलिये

# साले ने उतार दिया जीजा को मौत के घाट..

**गोंदिया के फुलचुर हत्याकांड में 12 घंटे में खुलासा कर पुलिस ने सगे साले सहित 4 आरोपीयों को किया गिरफ्तार..**

**मध्यप्रदेश के नैनपुर निवासी तीन दोस्तों को 50 हजार की सुपारी देकर कराई थी जीजा की हत्या..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले की ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम फुलचुर में हुए सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी को स्थानीय अपराध शाखा गोंदिया ने महज 12 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के सगे साले सहित कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या की मुख्य वजह मृतक द्वारा अपनी पत्नी को पिछले 6 वर्षों से दिया जा रहा शारीरिक व मानसिक त्रास बताया जा रहा है, जिससे तंग आकर साले ने 50,000 की सुपारी देकर अपने ही जीजा को मौत के घाट उतरवा दिया।***

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कारंजा निवासी शिकायतकर्ता कपूरचंद मनीराम रंगारी (58 वर्ष) ने गोंदिया ग्रामीण पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका बेटा अनमोल वसंत रंगारी (40 वर्ष) 22 जून 2026 की रात करीब 9 बजे अपनी स्कूटी लेकर घर से निकला था, लेकिन रात भर वापस नहीं आया। अगले दिन 23 जून को फुलचुर के किसान चौक के पास रोड के किनारे एक खेत में अनमोल का रक्तरंजित शव बरामद हुआ। अज्ञात आरोपियों ने उसके सिर और चेहरे पर भारी वस्तु से हमला कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने एलसीबी गोंदिया को जांच के निर्देश दिए।

जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एलसीबी के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के नेतृत्व में टीम ने मृतक के साले नीरज तुलसीकुमार बंसोड 28 वर्ष, निवासी खुर्शीपारटोला, आमगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ करने पर नीरज ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम देने की बात कबूल कर ली। नीरज ने बताया कि उसका जीजा अनमोल रंगारी पिछले 6 सालों से उसकी बहन को बुरी तरह प्रताड़ित करता था और मारपीट करता था। बहन की इस दुर्दशा का बदला लेने के लिए नीरज ने अनमोल को रास्ते से हटाने का फैसला किया। इसके लिए उसने नैनपुर (जिला मंडला, मध्य प्रदेश) निवासी अपने दोस्त रोहित उर्फ आयुष बंशकार (19 वर्ष) को 50,000 में हत्या की सुपारी दी थी।

योजना के मुताबिक, 22 जून की शाम करीब 7:30 बजे मुख्य शूटर रोहित बंशकार अपने दो अन्य साथियों निशांत मंगल बंशकार (19 वर्ष) और राहुल मिश्रा नंदा (32 वर्ष, दोनों निवासी नैनपुर, म.प्र.) के साथ बस द्वारा गोंदिया पहुंचा। नीरज बंसोड ने अपने इन दोस्तों से अनमोल की मुलाकात कराई और कहा कि ये मेरे मित्र आए हैं। इसके बाद चारों अनमोल को शराब पिलाने के बहाने कारंजा से फुलचुर जाने वाले बायपास रोड पर ले गए। वहां सबने मिलकर शराब पी और मौका मिलते ही लोहे की भारी रॉड से अनमोल के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और वहां से फरार हो गए।

#### मध्य प्रदेश के नैनपुर से दबोचे गए अन्य तीन आरोपी..

नीरज की निशानदेही पर एलसीबी गोंदिया की टीम ने तुरंत जाल बिछाकर रात में ही नैनपुर (म.प्र.) में छापेमारी की और फरार चल रहे तीनों आरोपियो रोहित, निशांत और राहुल मिश्रा को हिरासत में ले लिया। चारों आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गोंदिया ग्रामीण पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका..

यह त्वरित कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में एलसीबी के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर, सहायक पुलिस निरीक्षक धीरज राजुरकर, राजू मिश्रा, भुवनलाल देशमुख, संजय चौहान, दीक्षितकुमार दमाहे, विठ्ठल ठाकरे, सुबोध बिसने, इंद्रजीत बिसने, महेश मेहर, राकेश इंदुरकर, छगन विठ्ठले, राधेश्याम कांबले, राम खंडारे और साइबर सेल के रोशन येरणे, योगेश रहीले व श्रेयश लांबट द्वारा की गई है।

### प्रभाग 12 के सामाजिक सभागृह निर्माण कार्य मामले में

# बिना काम के बिल प्रस्तुत करने पर इंजी. राजीव जाधव पर होनी चाहिये कार्यवाही..

**ठेकेदार संदीप कडुकर को ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया, बल्कि इंजीनियर की भूमिका की जांच की मांग की गई.. बोले सचिन शेंडे**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***नगर परिषद गोंदिया के अंतर्गत प्रभाग क्रमांक 12 में चल रहे सामाजिक सभागार के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता बरतने के मामले में प्राथमिक तौर पर नगर परिषद के निर्माण इंजीनियर राजीव जाधव की भूमिका सवालों के घेरे में है, तथा इस मामले में ठेकेदार फर्म 'महाराष्ट्र ट्रेडर्स' प्रो. संदीप कडूकर पर***

सीधी कार्यवाही तब तक नहीं की जा सकती, जब तक ठेकेदार का दोष सिद्ध ना हो जाए, तथा चूंकि इस मामले में प्रथम दृष्टया बिना काम के बिल बनाने वाले निर्माण इंजीनियर राजीव जाधव की भूमिका नियम विरुद्ध है, जिससे कि निर्माण इंजीनियर की भूमिका की जांच की जायेगी, तथा इसके उपरांत ही कोई कार्यवाही की जा सकती है, यह जानकारी आज गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे ने जगप्रेरणा को दी, तथा उन्होंने कहा कि फर्म महाराष्ट्र ट्रेडर्स के संचालक संदीप कडुकर ब्लैक लिस्टेड करने का फिलहाल कोई आधार नहीं बनता है।

#### जांच की हमने मांग की..

नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने बताया कि जब बिल भुगतान के लिये हमारे पास निर्माण इंजीनियर द्वारा प्रस्तुत किया गया, तब मैंने स्वयं जाकर मौके पर कार्य का मुआयना किया, तब हमने देखा कि काम अधूरा पड़ा था, लेकिन कार्य पूर्णता का बिल निर्माण इंजीनियर राजीव जाधव द्वारा प्रस्तुत कर दिया गया, जो कि नियमों की अवहेलना है, तथा भ्रष्टाचार की संभावनाओं को जन्म देता हे, जिसके चलते हमने पुरे विषय पर अध्ययन करते हुए निर्माण इंजीनियर राजीव जाधव की अनियमितता की जांच करने की मांग की है।

#### जिसके खिलाफ जांच उसी को सौप दी गई जांच.. ऐसा नही चलेगा..

नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने आगे यह भी बताया कि उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्य नगर परिषद अधिकारी से राजीव जाधव की अनियमितता की जांच की मांग की, जिसमें आश्चर्यजनकर तरीके से मुख्य नगर परिषद अधिकारी द्वारा जिसके खिलाफ जांच की जानी है, उसे ही जांच अधिकारी बना दिया गया है, जिसका हम विरोध कर रहे हैं, और इस मामले में स्वयं मुख्य नगर परिषद अधिकारी एवं 05 सदस्यों की कमेटी में जांच किये जाने की मांग करेंगे, तथा किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नगर परिषद में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# सावनेर में आयोजित वार्षिक ट्रेनिंग कैम्प में गुजराती शाला के एनसीसी कैडेट्स ने लहराया सफलता का परचम..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्री गुजराती राष्ट्रीय केलवणी मंडल द्वारा संचालित गुजराती राष्ट्रीय माध्यमिक शाला के एनसीसी कैडेट्स ने 4 महाराष्ट्र बटालियन द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर***

सीएटीसी -602 (**Combined Annual Training Camp**) में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना व शाला का नाम रोशन किया। यह कैम्प कमांडिंग ऑफिसर कर्नल गौतम कपूर के नेतृत्व में हेटी-सुरला, सावनेर में आयोजित किया गया था। इस कैम्प में शाला से जूनियर डिवीज़न (बॉयज) के 31 और जूनियर विंग (गर्ल्स) के 15 इस तरह कुल 46 कैडेट्स ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया।

कैम्प के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिनमें इन कैडेट्स ने अपने हुनर दिखाए। शाला के एनसीसी ऑफिसर रोहित लिल्हारे के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने न केवल कैंप पूर्ण किया, अपितु विभिन्न क्षेत्रों में सफ्लता के नए आयाम स्थापित किए।

**इन विद्यार्थियों का प्रदर्शन रहा बेहतर..**

गुजराती शाला के विद्यार्थीयों में राजीव सुरेश कुमार रहांगडाले (ओवरऑल जूनियर डिवीजन में बेस्ट कैडेट, टग ऑफ वॉर में फर्स्ट पोजीशन, गोल्ड मैडल), उत्कर्ष राधेश्याम बावने (बेस्ट अचिवमेंट इन म्यूजिक, प्लेइंग सेक्सोफोन), धवल रमनकुमार उके (टग ऑफ वॉर, फर्स्ट पोजीशन, गोल्ड मैडल), अमित देवचंद बिसेन (वॉलीबॉल, सेकंड पोजीशन, सिल्वर मैडल), सोहम मूलचंद फरकुंडे (वॉलीबॉल, सेकंड पोजीशन, सिल्वर मैडल), वंश रूपेश पांडे (वॉलीबॉल, सेकंड पोजीशन, सिल्वर मैडल), अंजल मज़हर हुसैन (राइफ्ल हैंडलिंग, सेकंड पोजीशन, सिल्वर मैडल), अवनि राहुल गारसे (रिले रेस, सेकंड पोजीशन, सिल्वर मैडल), कल्याणी सुखदेव उके (रिले रेस, सेकंड पोजीशन, सिल्वर मैडल) प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार अन्य सभी कैडेट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ सफ्लतापूर्वक कैम्प पुर्ण किया।

इस कैम्प में गुजराती शाला के एनसीसी अधिकारी श्री रोहित लिल्हारे ने कंपनी कमान्डर की जिम्मेदारी का अच्छी तरह से निर्वाह किया। सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, संस्था तथा शाला एनसीसी अधिकारी को दिया। इस सफलता पर संस्थाध्यक्ष प्रफुलभाई पटेल, उपाध्यक्ष जयेशभाई पटेल तथा श्रीमती अमीबेन पटेल, सचिव अजयभाई वडेरा, सहसचिव चंद्रेशभाई माधवानी तथा मयुरभाई जडेजा, संस्था के सभी पदाधिकारीगण, मुख्याध्यापिका श्रीमती रिज़वाना अहमद, पर्यवेक्षक अरविंद पाटील, समस्त शिक्षकवृन्द एवं कर्मचारीगणों ने सभी कैडेट्स तथा एनसीसी अधिकारी का अभिनंदन किया।

# महाराष्ट्र थाई बॉक्सिंग संघ के तत्वाधान में गोंदिया में थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 140 खिलाड़ियों ने लिया भाग..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र थाई बॉक्सिंग संघ के तत्वाधान में तथा गोंदिया जिला थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा जिला स्तरीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन श्रेया लॉन, टी.बी. टोली, गोंदिया में किया गया। इस प्रतियोगिता में***

गोंदिया, आमगांव, तिरोड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 140 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतियोगिता को सफ्ल बनाया। प्रतियोगिता का आयोजन गोंदिया जिला थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन सर के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक राजू पी. चौरागड़े सर रहे। आयोजन को सफ्ल बनाने में लिओज चौरागड़े, अभय तुरकर, श्रुति गणवीर, कैटरीना दत्ता, शुभ ठाकुर, तन्मय पटले, अंश शेंडे एवं राशि पटले ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया और रेफरशीप की। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में सचिन शेंडे (नगराध्यक्ष), पंकज यादव (शिवसेना जिला प्रमुख), संत आश्रम बापू स्कूल की डायरेक्टर साहू मैडम तथा संचालक सदस्य पंकज सर उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में गोंदिया टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, आमगांव टीम द्वितीय स्थान पर रही। खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ मुकाबलों में भाग लिया, जिससे दर्शकों को रोमांचक प्रतियोगिताएं देखने को मिलीं।

# 9 ए साइड अंडर 19 नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए कोच अनिल सहारे के नेतृत्व में गोंदिया महाराष्ट्र से टीम दिल्ली के लिये रवाना..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***9 ए साइड नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए महाराष्ट्र की टीम गोंडवाना एक्सप्रेस से रवाना हुई। 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों की यह प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित की गई है। इस चैंपियनशिप में पूरे***

भारत भर से करीब 16 टीमों के आने की संभावना है। महाराष्ट्र की टीम में (कप्तान) केदार्थ केरवतकर, उप कप्तान आदित्य पर्वते ईशान कुकडे विकेटकीपर, सुजल वानखेड़े, मितांशु पवार, श्रवण माने, समर्थ मेश्राम, जिगर गिरेपूंजे, रूपेश रहांगडाले, अक्षय इंगले, हर्षवर्धन देशकर, विराज दुगड, युग बिसेन, आशु पात्रे का समावेश है। टीम के साथ कोच के रूप में भावेश नागरिकर, महाराष्ट्र सचिव अनिल सहारे साथ रहेंगे। टीम को शुभकामनाएं देने हेतु स्टेशन पर सर्वश्री किशोर पर्वते, जितेंद्र कुकड़े, स्नेहल भगत मैडम, अजय इंगले, किशोर देशकर, चंद्रशेखर कावडे कोच, विकास माने, संजय बिसेन सर, भारती बिसेन मैडम, चेतना इंगले मैडम प्रमुखता से उपस्थित थे।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com